सावन, मास , वर्ष-10, अंक 147, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज सोमवार,19 अगस्त, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity

आधुनिक समाचार ™
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
प्रयागराज सोमवार,19 अगस्त, 2024




# कौशल विकास प्रचार आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बनने की शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का



अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है - अर्चना सरोज

इस कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकारियों का एक दल उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के बाहर प्रशिक्षण के प्रचार को लेकर एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए प्रॉस्पेक्टस का वितरण किया कार्यक्रम में मुख्य अर्चना सरोज प्रशिक्षक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खागा फतेहपुर रोहित पांडे मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है कोपा ट्रेड बैंक ,पुलिस एवं अन्यसरकारी कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती में मान्य है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें।

# पहली खेप में अंडरसाइज मिले कई साल स्लीपर रिजेक्ट, पांटून निर्माण के लिए पाया गया अयोग्य

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ में गंगा पर बनने वाले पांटून पुलों के निर्माण के लिए रायपुर से साल स्लीपर और साल एजिंग की आपूर्ति शुरू हो



गई है। परीक्षण के लिए गई टीमों ने अब तक दो चरण में परीक्षण किया है। पहले चरण में जहां 1410 साल स्लीपर और एजिंग पास किए गए थे, वहीं दूसरे चरण का परीक्षण अभी चल रहा है। गंगा पर पांटून पुलों के निर्माण के लिए मंगाई गई पहली खेप में कई साल स्लीपर अंडरसाइज होने के कारण रिजेक्ट कर दिए गए। रायपुर में हुई साल स्लीपर और साल एजिंग की पासिंग की थर्ड पार्टी एजेंसी के आगे पोल खुल गई। पीडब्ल्यूडी के एसई देवेंद्र कुमार और एक्सईएन सुरेंद्र सिंह की मौजूदगी में मेला स्टोर में साल स्लीपर और साल एजिंग की अनलोडिंग शुरू हो गई है। महाकुंभ में गंगा पर बनने वाले पांटून पुलों के निर्माण के लिए रायपुर से साल स्लीपर और साल एजिंग की आपूर्ति शुरू हो गई है। परीक्षण के लिए गई टीमों ने अब तक दो चरण में परीक्षण किया है। पहले चरण में जहां 1410 साल स्लीपर और एजिंग पास किए गए थे, वहीं दूसरे चरण का परीक्षण अभी चल रहा है। पता चला है टीम में शामिल अभियंताओं ने अफसरों को रिपोर्ट दी है कि वर्क आर्डर लेने वाली कंपनी के भंडारण में ज्यादातर साल स्लीपर खराब और मानक के अनुरूप नहीं होने से छंट जा रहे हैं। इस बीच पहले चरण की आपूर्ति शुरू हो गई है। यहां पहुंचे चार ट्रकों की अनलोडिंग शुरू हो गई। इसमें थर्ड पार्टी एजेंसी ने एक ट्रक से उतारे गए स्लीपरों में से नौ स्लीपर रिजेक्ट कर दिए गए। इन स्लीपरों को पांटून पुल के निर्माण के योग्य नहीं पाया गया। शर्तों के मुताबिक टेढ़े, क्रेक और अंडर साइज स्लीपर नहीं लिएजा सकते। महाकुंभ के लिए साल स्लीपर का वर्क आर्डर रायपुर की पांच फर्मों को दिया गया है।

# कई घंटे मूसलाधार बारिश से सड़कें और गलियां झील में तब्दील, घरों में घुसा पानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** रविवार को भोर में कई घंटे तक हुई मूसलाधार



बारिश से सड़कें और गलियां झील में तब्दील हो गईं। घरों में पानी भर जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दिनों से हो रही उमस के बाद शनिवार देर रात से शुरू हुई बारिश रविवार को भोर तक जारी रही। इसके बाद रुक रुककर दोपहर तक बरसात होती रही। इसके चलते जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। रविवार का दिन होने के कारण स्कूल और दफ्तर बंद होने के कारण लोगों को काफी राहत रही और सड़कों पर जाम का सामना नहीं करना पड़ा। बारिश के चलते सड़कों के गड्ढे लोगों को बदरंग करते रहे। कोरांव में तेज बारिश के चलते पानी चेकडैम के ऊपर से बहता रहा। लोगों ने जान हथेली पर रखकर आवागमन किया। रविवार को सुबह से ही मूसलाधार बारिश के दौरान झूंसी के कटका गांव स्थित सिटिजन हाउसिंग का नवनिर्मित शुभालय अपार्टमेंट का झरने में तब्दील हो गया। किसी अनहोनी की आशंकार से लोग दहशत में आगे। आननफानन लिफ्ट को बंद कराया गया। लिफ्ट बंद होने के कारण कई घंटे तक लोग अपने फ्लैट में कैद रहे। संयोग से इस दौरान कोई लिफ्ट में नहीं फंसा। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। मूसलाधार बारिश के दौरान झूंसी के नाले की दीवार ढह गई। आवास विकास कॉलोनी योजना 2 के सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। इसके चलते लोग घंटों परेशान रहे। मूसलाधार बारिश के दौरान झूंसी के नाले की दीवार ढह गई। झूंसी में भारी बारिश के चलते घरों में घुस गया पानी।

# चयनित अभ्यर्थियों की नौकरी पर भी लटकी तलवार, कुछ अभ्यर्थी हो सकते हैं मेरिट से बाहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आयोग ने पीसीएस जे परीक्षा-2022 के तहत मुख्य



परीक्षा और इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर 302 पदों पर अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया था। जब परिणाम जारी हुआ तो आयोग के बाहर किसी को भी नहीं पता था कि मुख्य परीक्षा में कितनी बड़ी गड़बड़ी हुई है। पीसीएस जे मुख्य परीक्षा-2022 में कॉपियों की अदला-बदली के कारण इस परीक्षा के तहत चयनित अभ्यर्थियों की नौकरी पर भी तलवार लटक रही है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने मुख्य परीक्षा का संशोधित परिणाम तो जारी कर दिया है लेकिन अभ्यर्थियों को अंतिम चयन परिणाम का इंतजार है। आयोग ने पीसीएस जे परीक्षा-2022 के तहत मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर 302 पदों पर अभ्यर्थियों को चयनित घोषित किया था। जब परिणाम जारी हुआ तो आयोग के बाहर किसी को भी नहीं पता था कि मुख्य परीक्षा में कितनी बड़ी गड़बड़ी हुई है। मामला सामने आने के बाद आयोग ने अब पांच नए अभ्यथिर्यों को इंटरव्यू के लिए सफल घोषित किया है। आयोग के सूत्रों के अनुसार जो अभ्यर्थी इंटरव्यू दे चुके हैं, उनके परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि जिन अभ्यथिर्यों की कॉपियां बदलीं थीं, उनमें से कुछ अभ्यर्थियों को वास्तविक कॉपियों में कम अंक मिले थे। कॉपी बदलने से उनके खाते में दूसरे अभ्यर्थियों के अधिक नंबर जुड़ गए और उन्हें इंटरव्यू के लिए सफल घोषित कर दिया गया। उनमें से कुछ का चयन भी हो गया।वहीं, इंटरव्यू में शामिल कुछ अन्य अभ्यर्थी अंतिम चयन परिणाम में बहुत ही मामूली अंकों से ऐसे अभ्यर्थियों से पीछे रह गए, जिन्हें कॉपी बदलने का फायदा मिला।

# सुनवाई में न पहुंचने पर कोर्ट ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष की गवाही को किया समाप्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायाधीश के कोर्ट नंबर-9 में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के खुदकुशी के मामले



में (पीडब्लूयू-टू) सुनवाई हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए इस जिरह में कारागार चित्रकूट से आनंद गिरी और केंद्रीय कारागार नैनी से दो अभियुक्त आद्या प्रसाद और उसका बेटा संदीप तिवारी शामिल हुए। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के खुदकुशी के मामले में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी की गवाही को समाप्त कर दिया गया है। जिला अदालत में सुनवाई के दौरान पेश न होने पर अपर सत्र न्यायाधीश अंजू कनौजिया ने यह आदेश दिया है। अब केस की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। अपर सत्र न्यायाधीश के कोर्ट नंबर-9 में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के खुदकुशी के मामले में (पीडब्लूयू-टू) सुनवाई हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए इस जिरह में कारागार चित्रकूट से आनंद गिरी और केंद्रीय कारागार नैनी से दो अभियुक्त आद्या प्रसाद और उसका बेटा संदीप तिवारी शामिल हुए। लेकिन इस जिरह में न तो महंत रविंद्र पुरी और ना ही विशेष लोक अभियोजक सीबीआई शामिल हुए।सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश ने आनंद गिरी से कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता दिलाया जा सकता है। इस पर आनंद गिरी ने असहमति जताते हुए कहा कि उन्हें अधिवक्ता की जरूरत नहीं है। इस जिरह में महंत रविंद्र पुरी के शामिल न होने पर अपर सत्र न्यायाधीश उनकी गवाही को खत्म कर दिया।वहीं, न्यायालय ने विशेष लोक अभियोजक सीबीआई को शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए न्यायालय ने अंतिम अवसर दिया है। अब 28 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर सीबीआई (पीडब्लूयू-थ्री) सम्मन दे सकती है। बता दें कि गवाह अमर गिरी के अदालत में पेश न होने के चलते उनका पूरा बयान दर्ज नहीं हो सका है। 20 सितंबर 2021 को आखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी के महंत नरेंद्र गिरी मठ के अतिथि कक्ष में फंदे से लटके मिले थे। सुसाइड नोट के आधार पर जार्ज टाउन थाना पुलिस ने अमर गिरी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करना का मुकदमा महंत नरेंद्र गिरी के शिष्य आनंद गिरी, पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी और उसके बेटे संदीप तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था।
















भारत

## संक्षिप्त समाचार

### एनआइए ने मेडिकल टूरिज्म की आड़ में चल रहे धंधे पर कसी लगाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एनआइए ने केरल के नेदुंबसेरी में मेडिकल पर्यटन की आड़ में अंतरराष्ट्रीय अंग व्यापार रैकेट में शामिल चार आरोपितों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि आरोपित युवाओं को पैसे के



बदले अंग दान के लिए प्रेरित करते थे। वे एक बड़े अंग व्यापार रैकेट के तहत विदेश में अंगों की तस्करी करते थे। एनआइए की जांच के अनुसार, आरोपित भारत में अंगदाताओं की पहचान करते थे। एजेंट और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उन्हें पैसे का लालच देकर उनका शोषण करते थे।एनआइए ने केरल के नेदुंबसेरी में मेडिकल पर्यटन की आड़ में अंतरराष्ट्रीय अंग व्यापार रैकेट में शामिल चार आरोपितों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किया है। एनआइए की जांच के अनुसार आरोपित भारत में अंगदाताओं की पहचान करते थे। एजेंट और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उन्हें पैसे का लालच देकर उनका शोषण करते थे। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है एक फरार है। एनआइए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि गिरोह ने जरूरत वाले भारतीय मरीजों से भी संपर्क किया और ईरान में उनके अंग प्रत्यारोपण की सुविधा के लिए उनसे लगभग 50 लाख रुपये वसूले। गिरोह ने दानकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं को यह विश्वास दिलाया कि ईरान में अंग व्यापार कानूनी है। आरोपितों ने अवैध अंग व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों की मुहरों एवं हस्ताक्षरों सहित जाली दस्तावेज तैयार किए थे।

### डॉक्टरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से मरीज हुए परेशान, पटना में 200 ऑपरेशन टले

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में शनिवार को देशभर में चिकित्सक हड़ताल पर रहे। सरकारी अस्पतालों के साथ ही



निजी और कारपोरेट अस्पताल और नर्सिंग होम के भी हड़ताल में शामिल होने से स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल चरमरा गईं। डॉक्टरों की हड़ताल का राष्ट्रव्यापी असर शनिवार को देखने को मिला। कई राज्यों में मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। वहीं सैकड़ों ऑपरेशन को टालना पड़ा। झारखंड में 17 हजार चिकित्सकों ने हड़ताल में हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल में आठ दिन से जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं। अब शनिवार को वरिष्ठ चिकित्सक भी इसमें शामिल हो गए हैं।बड़े अस्पतालों में भी ऑपरेशन टाल दिए गए। हड़ताल के कारण मरीजों और उनके साथ आए तिमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) के आह्वान पर राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, मिजोरम और नगालैंड सहित विभिन्न राज्यों के डॉक्टर 24 घंटे की हड़ताल में शामिल हुए।दिल्ली में सर गंगा राम, फोर्टिस और अपोलो जैसे अस्पतालों ने अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और आइपीडी सेवाएं बंद कर रखीं। बंगाल में जूनियर डॉक्टर आठ दिन से हड़ताल पर हैं।

# जल्द नहीं मिला न्याय तो बंद हो सकती हैं इमरजेंसी सेवाएं', इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने किया आगाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर पूरे देश में



डॉक्टर्स का विरोध-प्रदर्शन रविवार को भी जारी है। प्रदर्शन देश के अलग-अलग राज्यों में चल रहे हैं। डॉक्टर्स अपनी सहकर्मी के लिए लल्द से जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं। महिला डॉक्टरों का कहना है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना ने इस बात को पुख्ता कर दिया है कि साल 2012 में दिल्ली में चलती बस में छात्रा (निभ्न्या) के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के बाद कड़े कानूनों के बावजूद भारत में महिलाएं असुरक्षित हैं।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कॉल पर रविवार को सुबह 6 बजे डॉक्टरों की 24 घंटे की हड़ताल समाप्त हुई। वहीं आईएए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि भारत में 60 फीसदी डॉक्टर महिलाएं हैं इसलिए उन्हें वह सुनिश्चित करें कि अस्पताल के कर्मचारियों को हवाई अड्डों जैसे सुरक्षा प्रोटोकॉल से संरक्षित किया जाए। सभी स्वास्थ्य सेवा पेशेवर कार्यस्थल पर शांतिपूर्ण माहौल सुरक्षा और संरक्षा के हकदार हैं। पीडिता के पिता ने कहा, ठमेरी बेटी चली गई, लेकिन लाखों बेटे और बेटियां अब मेरे साथ हैं। इससे मुझे बहुत ताकत मिली है और मुझे लगता है कि हम इससे कुछ हासिल करेंगे।रविवार को सुबह 6 बजे डॉक्टरों की 24 घंटे की हड़ताल समाप्त हुई। आईएए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि भारत में 60 फीसदी डॉक्टर महिलाएं हैं, इसलिए उन्हें वह सुनिश्चित करें कि अस्पताल के कर्मचारियों को हवाई अड्डों जैसे सुरक्षा प्रोटोकॉल से संरक्षित किया जाए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा, ठसभी स्वास्थ्य सेवा पेशेवर कार्यस्थल पर शांतिपूर्ण माहौल, सुरक्षा और संरक्षा के हकदार हैं। ऊधर पीएम के गृह राज्य गुजरात में, सरकारी अस्पतालों में 6,000 से अधिक ट्रेनी डॉक्टर रविवार को तीसरे दिन भी ओपीडी सेवाओं से दूर रहे। हालांकि प्राइवेट अस्पतालों में सेवाएं फिर से शुरू हो गईं। वहीं, सरकार ने डॉक्टरों से डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों के इलाज के लिए काम पर लौटने का आग्रह किया है, जबकि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा में सुधार के उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में आईएमए के प्रमुख डॉ. मदन मोहन पालीवाल ने कहा, डॉक्टर अपनी दिनचर्या पर वापस आ गए हैं। अगर सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाती है, तो अगला कदम तय किया जाएगा और इस बार हम आपातकालीन सेवाएं भी बंद कर सकते हैं।ठ उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में एम्स के डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी ने कहा कि अबक जूनियर डॉक्टर और इंटर्न ने काम पर वापस नहीं लौटे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदर्शन हो रहे हैं। दूसर डॉक्टरों पर बहुत दबाव है क्योंकि जनशक्ति कम हो गई है।

## एयर इंडिया की एयर होस्टेस से लंदन के होटल में मारपीट, कमरे में घुसा हमलावर हैंगर से मारा और फर्श पर घसीटा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की एक एयर होस्टेस के साथ लंदन के एक होटल में मारपीट का मामला सामने आया है। एक होटल में एयर होस्टेस के कमरे में एक अज्ञात हमलावर ने बेरहमी से हमला किया। कमरे में हुई मारपीट आरोप है कि एयर होस्टेस के कमरे में अनजान शख्स घुस गया और उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावर ने कपड़े के हैंगर से होस्टेस को मारा और फिर उसे फर्श पर घसीटा। गनीमत यह रही कि चीख पुकार मचने से बगल वाले कमरों में मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए आ गए और हमलावर को पकड़ लिया। लंदन के एक होटल में एयर इंडिया की होस्टेस से मारपीट का मामला सामने आया है। एक होटल में एयर होस्टेस के कमरे में एक अज्ञात हमलावर ने बेरहमी से हमला किया। एयर होस्टेस के कमरे में अनजान शख्स घुस गया और उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावर ने कपड़े के हैंगर से होस्टेस को मारा और फिर उसे फर्श पर घसीटा। एयर इंडिया ने घटना की पुष्टि की है और कहा है कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, जो अब मामले की जांच कर रही है। एयरलाइन ने यह भी आश्वासन दिया कि एयर होस्टेस को मनोवैज्ञानिक सहायता मिल रही है और इस बात पर जोर दिया कि वे इस कठिन समय में पूरी तरह से उसके साथ खड़े हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम अपने सहयोगी और उनकी व्यापक टीम को पेशेवर परामर्श सहित हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हम एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कंपनी द्वारा संचालित एक होटल में घुसपैठ की एक अवैध घटना से बहुत दुखी हैं, जिसने हमारे चालक दल के सदस्यों में से एक को प्रभावित किया। एयर इंडिया स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कानून की पूरी सीमा तक मामले को आगे बढ़ाने और होटल प्रबंधन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। हम अनुरोध करते हैं कि इसमें शामिल लोगों की गोपनीयता का सम्मान किया जाए। एयरलाइन ने आगे कहा कि वह इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रही है और एयर होस्टेस के लिए न्याय की मांग करने के लिए प्रतिबद्ध है। एयरलाइन ने इस दौरान उसकी सुरक्षा, गोपनीयता और भलाई का सम्मान करने के महत्व पर भी जोर दिया है।



## ममता बनर्जी पर भड़कीं निर्भया की मां, बोली स्थिति संभालने में नाकाम रहीं बंगाल की सीएम


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में की ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए



दुष्कर्म और हत्या के विरोध में देशभर में आंदोलन जारी है। इस बीच 2012 के दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म मामले की पीडिता निर्भया की मां ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है निर्भया की मां ने कहा सीएम ममता बनर्जी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद स्थिति को संभालने में नाकाम साबित हुई हैं साल 2012 के दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म की पीडि़ता निभ्न्या की मां आशा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता पर विरोध-प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरअसल सीएम बनर्जी ने कोलकाता में एक रैली की थी जिसमें दुष्कर्म मामले के दोषियों को मौत की सज़ा देने की मांग की गई थी। निर्भया की मां आशा देवी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विरोध-प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बता दें कि सीएम बनर्जी ने कोलकाता में एक रैली की थी जिसमें दुष्कर्म मामले के दोषियों को मौत की सज़ा देने की मांग की गई थी।आशा देवी ने कहा, ठदोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के बजाय, ममता बनर्जी जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, ठवह खुद एक महिला हैं। उन्हें राज्य के मुखिया के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वह स्थिति को संभालने में नाकाम रही हैं। आशा देवी ने आगे कहा कि जब तक केंद्र और राज्य सरकारें दुष्कमिर्यों के लिए कोर्ट से जल्द सजा दिलाने के प्रति गंभीर नहीं होंगी, तब तक देशभर में हर दिन ऐसी क्रूरताएं होती रहेंगी। उन्होंने कहा कि जब कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं और उनके साथ ऐसी बर्बरता की जाती है, तो देश में महिला सुरक्षा की स्थिति को समझा जा सकता है।

## चंद्रमा पर मानव के उतरने की तैयारी पूरी, भारत जल्द स्थापित करेगा स्पेस स्टेशन मंत्री ने बता दिया समय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो भारत 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा। वहीं, 2040 तक चंद्रमा पर मानव उतारकर इतिहास रचेगा। यह बातें केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहीं। राज्य मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष इससे विदेश जाने वाली प्रतिभाओं को रोकने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि गगनयान अगले साल अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा क्योंकि कोरोना की वजह से भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान मिशन में दे हो गई। इसके साथ ही भारत रोबोट उड़ानें भेजने का भी लक्ष्य बना रहा है। साल 2025 में एक महिला रोबोट, वायुमित्रा



क्षेत्र से संबंधित केंद्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणाएं भविष्य को देखते हुए बनाई गई है। उन्होंने 2025 की दूसरी छमाही तक एक भारतीय एस्ट्रोनॉट को अंतरिक्ष में भेजने और 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय उतारने की महत्वाकांक्षी योजना की बात कही।उन्होंने ने कहा, 2023 में हमने 1,000 करोड़ रुपये का निवेश देखा। अनुमान है कि अगले 10 सालों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पांच गुना या लगभग 44 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी। साथ ही उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों के विदेशी स्पेस एजेंसियों के साथ काम करने को लेकर कहा कि को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। यह रोबोट एक अंतरिक्ष यात्री की सभी गतिविधियां करेगा और धरती पर वापस आएगा। 2023 की नई अंतरिक्ष नीति का हवाला देते हुए मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि नई नीति से भारत में डिजिटल स्पेस स्टार्टअप को बढ़ावा दिया है। सिंह ने कहा कि नई नीति ने इसरो की गतिविधियों में प्राइवेट सेक्टर के लिए भाग लेने के दरवाजे खोले हैं। मंत्री ने कहा कि इसरो के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए उन्होंने इसरो परिसर में एक निजी लॉन्चपैड भी स्थापित किया है।

## भारत की तरक्की के बिल गेट्स भी हुए फैन, बोले ग्लोबल लीडर बना देश

**सिएटल।** माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में पहले भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने भारत को विभिन्न



क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नवाचारों के लिए ग्लोबल लीडर बताया सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास के निमंत्रण पर पहुंचे गेट्स ने प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा में भारत की प्रगति के लिए देश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए गेट्स ने कहा कि समारोह में भाग लेना उनके लिए सम्मान था। भारत प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नवाचारों के साथ एक ग्लोबर लीडर है, जो जीवन को बचा रहा है और सुधार रहा है। सिएटल में भारत दिवस समारोह में विविध भारतीय सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली झांकियां प्रदर्शित की गईं, साथ ही सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी थीम विविधता में एकता थी। मेयर एरिक एडम्स ने न्यूयार्क को अमेरिका की नई दिल्ली बतायास्वतंत्रता दिवस पर एक कार्यक्रम के दौरान मेयर एरिक एडम्स ने न्यूयार्क शहर को अमेरिका की नई दिल्ली बताया। उन्होंने भारतीयों की भागीदारी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब आप व्यवसाय मालिकों, स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों की संख्या देखते हैं, तो यह भारतीय समुदाय की स्पष्ट उपस्थिति को दर्शाता है। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास के निमंत्रण पर पहुंचे गेट्स ने प्रौद्योगिकी कृषि और स्वास्थ्य सेवा में भारत की प्रगति के लिए देश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए गेट्स ने कहा कि समारोह में भाग लेना उनके लिए सम्मान था।

## सीएम सिद्दरमैया पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर कांग्रेस फ्रंटफुट पर, कर्नाटक में करेगी राज्यव्यापी प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया पर लगे शळईं घोटाले के आरोप के बाद राज्य की राजनीति में उथल-पुथल मचा है। विपक्षी पार्टी बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग कर रही है। इस बीच मुख्यमंत्री पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के बाद कांग्रेस ने घोषणा करते हुए कहा है कि वह मामले के खिलाफ 19 अगस्त को राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन करेगी दरअसल, कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार को शिकायतों के आधार पर मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण साइट आवंटन घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। टी जे अब्राहम, प्रदीप एस पी और सन्हेमयी कृष्णा शिकायतकर्ता हैं। राज्यपाल के फैसले के बाद से ही बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी जंग छिड़ गई है। आरोप है कि सीएम सिद्धारमैया ने अपनी पतने पार्वती को मैसूर के पॉश इलाकों में फर्जी



दस्तावेज बनाकर जमीन दिलाकर अपने पद का दुरुपयोग किया है। वहीं मुख्यमंत्री ने लगे इन सभी आरोपों का खंडन किया है और कानूनी रूप से लड़ने की बात कही है। राज्यपाल के फैसले के बाद से ही बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी जंग छिड़ गई है। आरोप है कि सीएम सिद्धारमैया ने अपनी पत्नी पार्वती को मैसूर के पॉश इलाकों में फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन दिलाकर अपने पद का दुरुपयोग किया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने लगे इन सभी आरोपों का खंडन किया है और कानूनी रूप से लड़ने की बात कही है। एक किलोमीटर लंबा मार्च निकालेंगे कार्यकर्ता सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार कहा कि हमारे पार्टी के नेता और कार्यकर्ता तालुक और जिला स्तर तक एक किलोमीटर लंबा मार्च निकालेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राज्यपाल के कदम के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भाजपा और जद(एस) मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहे हैं। इसके खिलाफ लड़ना हमारा कर्तव्य है। शिवकुमार ने कहा कि यह एक साजिश है और कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ेगी। इस साजिश का उद्देश्य सिद्धारमैया को खत्म करना है। कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में विरोध-प्रदर्शन में भाग लेने को कहा।

## चीफ जस्टिस को चुनाव विवादों को सुलझाने वाली पीठ से अलग किया जाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नौ सांसदों ने चुनाव विवादों से संबंधित मामले के समाधान के लिए पंजाब में नियुक्त चुनाव न्यायाधिकरण के मामले की



सुनवाई करने वाली पीठ से पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा को अलग करने की मांग की है। दरअसल, देश में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे थे। सीजेपी की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ 8 फरवरी के आम चुनावों से संबंधित चुनावी विवादों को सुलझाने के लिए पंजाब में चुनाव न्यायाधिकरणों के गठन के संबंध में लाहौर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान के चुनाव आयोग की अपील पर विचार करेगी।पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे थे। सीजेपी की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ 8 फरवरी के आम चुनावों से संबंधित चुनावी विवादों को सुलझाने के लिए पंजाब में चुनाव न्यायाधिकरणों के गठन के संबंध में लाहौर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान के चुनाव आयोग की अपील पर विचार करेगी। जस्टिस काजी फैज ईसा के अलावा, पीठ के सदस्यों में अमीनुद्दीन खान, जमाल खान मंडोखैल, नईम अख्तर अफगान और जस्टिस अकील अहमद अब्बासी शामिल हैं। 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में आठ चुनाव न्यायाधिकरणों की नियुक्ति पर लाहौर हाई कोर्ट के फैसले और इसकी अधिसूचना को निलंबित कर दिया था। यह निलंबन तब तक प्रभावी रहा जब तक कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और ईसीपी के बीच बातचीत पूरा नहीं हुई। पीटीआई के सांसदों ने रजिस्ट्रार सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत अपने आवेदन में चुनाव न्यायाधिकरण के मुद्दे पर सुनवाई कर रही पीठ से जस्टिस ईसा को अलग करने के लिए आवेदन दायर करने की मांग की है।

## रूस में आया 7.2 तीव्रता का भूकंप, कामचटका क्षेत्र में फटा शिवलुच ज्वालामुखी लावा निकलना शुरू

**मॉस्को।** यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने कहा कि रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट पर 51 किमी (32 मील) की गहराई पर 7.2 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि देश के




पूर्वी तट पर आए सात तीव्रता के भूकंप के बाद कामचटका क्षेत्र में रूस का शिवलुच ज्वालामुखी फट गया। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने कहा कि रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट पर 51 किमी (32 मील) की गहराई पर 7.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद कामचटका क्षेत्र में रूस का शिवलुच ज्वालामुखी फट गया। शिवलुच ज्वालामुखी का विस्फोट शुरू हो गया है। ज्वालामुखी में से राख का गुबार समुद्र तल से आठ किलोमीटर ऊपर उठ रहा है। राज्य के स्वामित्व वाली टीएएसएस समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी की सुदूर पूर्वी शाखा के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान का हवाला देते हुए बताया कि ज्वालामुखी ने राख और लावा उगलना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों के हवाले से कहा गया है कि शिवलुच ज्वालामुखी का विस्फोट शुरू हो गया है, दृश्य मूल्यांकन के अनुसार, राख का गुबार समुद्र तल से आठ किलोमीटर ऊपर उठ रहा है इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा था कि भूकंप से सुनामी का खतरा है। लेकिन रूस के आपातकालीन मंत्रालय की कामचटका शाखा ने बताया कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

मिर्ज़ापुर

सोनभद्र







## कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने पीडित परिवार से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबटसगंज कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म नगर वार्ड 10 में एक हफ्ते पूर्व हुई गिट्टी बालू व्यवसाय पति-पतनी की हत्या मामले में शनिवार को आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री द्वारा पीडि.त परिवार से मुलाकात पर उनको दिलाया भरोसा वही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर 48 घंटे के अंदर संबंधित आरोपियों की गिरफ्तारी करने को दिए निर्देश यह दौरान मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि योगी जी की सरकार में अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मुहिम चलाई जा रही है निश्चित रूप में अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो भी दोषी होगा उसके ऊपर सबसे सख्त कार्रवाई होगी वहीं एडिशनल एसपी कालू सिंह ने इस मामले में बताया कि मामले में पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है 24 से 48 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया गया।



## सेंदूर गांव में डायरिया, तीन दिन में दो की मौत, कई बीमार


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बभनी/म्योरपुर।** म्योरपुर ब्लॉक के सेंदूर गांव में डायरिया से बीते तीन दिन में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। चार लोग बीमार हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप कर लोगों का उपचार कर रही है।बदलते मौसम व पानी के बदलाव के कारण सेंदूर गांव में उल्टी-दस्त पांव पसार रहा है। गत 14 अगस्त को मंगल (55) और 16 अगस्त को सुनीता पतनी बिहारी लाल ने उल्टी-दस्त से दम तोड़ दिया। गांव के जागरन देवी (60), चंद्रावती (18) पुत्री लालबहादुर, शांति देवी (55) पतनी श्यामलाल सहित कई लोगों की तबीयत खराब है।लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह जलभराव के कारण मच्छरों का आतंक है। वही पानी में भी बदलाव से लोग बीमार पड़ रहे हैं। म्योरपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि दो लोगों की मौत हुई है। टीम लगातार गांव में कैंप कर रही है। गांव में दवा वितरण और जागरूक किया जा रहा है। पानी उबाल कर पीने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही ग्रामीणों से किसी भी तरह की समस्या होने पर सीएचसी में संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण झोलाछाप के बजाय अस्पताल में उपचार कराएं।

## आठ दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ, सीबीआई जांच की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कोतवाली से महज पांच सौ मीटर दूरी पर व्यापारी दंपती की नृशंस हत्या के आठ दिन बाद भी पुलिस हत्यारों का कोई ठोस सुराग नहीं लगा पाई है। इससे नाराज विभिनन संगठनों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हुए पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। दो दिन में नतीजा न निकलने पर अनशन की चेतावनी दी।ब्रह्मनगर के गली नंबर दो निवासी धर्मेंद्र पटेल व उनकी पतनी मंजू देवी की 10 अगस्त की भोर में धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। दोनों नगर के बाईपास रोड पर राज पैलेस के पास स्थित अपने दूसरे मकान में मौजूद थे।घटना के आठ दिन बाद भी खुलासा न होने से असंतुष्ट लोगों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। सपा नेता डॉ. लोकपति सिंह, अरविंद सिंह व देशराज पटेल ने कहा कि इस वारदात ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। विवेक सिंह पटेल, पवन पटेल, मुकेश तरंग ने कहा कि पर्याप्त समय बीतने के बाद भी पुलिस का कोई सुराग न जुटा पाना, उनकी अक्षमता को जाहिर कर रहा है। इस मौके पर रामभरोसे सिंह, प्रसनन पटेल, सुमन पटेल, शीतल पटेल, संतोष पटेल, सियाराम सिंह, सुनील आदि शामिल रहे।

## बहन से राखी बंधवाने सोनभद्र आएंगे उप राज्यपाल मनोज सिन्हा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा रक्षाबंधन पर बहन से राखी बंधवाने 18 अगस्त को जिले में आएंगे। वह देर शाम छह बजे मधुपुर के आमडीह स्थित बहन के घर पहुंचेंगे। अगले दिन राखी बंधवाने के बाद वाराणसी रवाना हो जाएंगे। उनके आगमन की सूचना के बाद पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। गांव में चौकसी बढ़ा दी गई है।मूल रूप से गाजीपुर के निवासी मनोज सिन्हा की बहन जिले के मधुपुर स्थित आमडीह गांव में रहती हैं। वह प्रतिवर्ष अपनी बहन के घर राखी बंधवाने आते हैं। इस बार रक्षाबंधन 19 अगस्त को है। लिहाजा उप राज्यपाल मनोज सिन्हा 18 अगस्त की शाम को ही जिले में पहुंच जाएंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार



18 अगस्त की शाम साढ़े 4 बजे वह वाराणसी से सड़क मार्ग के जरिए आमडीह के लिए रवाना होंगे।शाम छह बजे आमडीह पहुंचेंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे। 19 अगस्त को सुबह राखी बंधवाने के बाद वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। डीएम बद्रीनाथ सिंह ने बताया कि उप राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व अन्य इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसकी निगरानी की जा रही है।

## डॉक्टरो ने नगर में निकाला कैंडल जुलूस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**शनिवार को राबर्ट्सगंज में कोलकाता के प्रशिक्षु महिला एवं न्याय की मांग की। विरोध प्रदर्शन में यु पी एम एस आर ए राबर्ट्सगंज इकाई के अधिकाधिक




डॉक्टर के साथ हुई घोर शारीरिक बर्बरता एवं नृशंस हत्या के विरोध एवं न्याय वास्ते न्याय हेतु स्वर्ण जयंती चौक राबर्ट्सगंज पर विरोध कार्यक्रम में, आई एम ए,आई डी ए और नीमा के डॉक्टर के समर्थन में यु पी एम एस आर ए राबर्ट्सगंज इकाई के साथियों ने भी तख्तियों पर लिखे संदेशों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया एवं सरकार से त्वरित जाँच साथी सम्मिलित हुए जिनमे मुख्य रूप से अध्यक्ष कामरेड विवेक सिंह ,सचिव सरफराज अहमद व अन्य वरिष्ठ उपस्थित रहे एव सभी हॉस्पिटल जैसे साई हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ वी सिंह, आस्था हॉस्पिटल डॉ वीना सिंह,श्रेया हॉस्पिटल डॉ नम्रता सिंह डॉ व् = सिंह,मनी हॉस्पिटल ए के यादव डॉ अरुण सिंह व अन्य सभी मेडिकल संगठन के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# बढ़ौली चौराहे से निपराज मार्ग पूरी तरह गड्ढे में हुआ तब्दील

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** चेयरमैन नागरपालिक परिषद राबर्ट्सगंज नही ले रहीं हैं संज्ञान (राहगीरों का इस मार्ग पर चलना मौत को दावत देना, आए दिन लोग कीचड़ युक्त गड्ढे में गिरकर हो रहे हैं घायल बढ़ौली चौराहे से निपराज मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय है। मार्ग पर केवल गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे है। पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है।आम जनमानस का उस मार्ग पर चलना जान लेवा,अत्यंत दुष्कर और कष्टकारक हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो ग्रामवासी पैदल, सायकिल और वाहनों से आते जाते हैं पर जगह जगह या पूरी सड़क ही गड्ढे में तब्दील हो जाने के कारण प्रायः दुर्घटनाएं घटित होती रहती है जिससे सड़क पर चलने वाले चोटिल होते रहते हैं। हर बरसात मौसम में थोड़ा भी पानी बरसने से गड्ढों/सड़क मे पानी भर जाने से चलने में आमजनमानस को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज,जिला प्रशासन एवम प्रदेश सरकार के प्रति ग्रामीणों में गहरा आक्रोश ब्याप्त है। उक्त बातें अधिवक्ता समाज सेवी राकेश शरण मिश्र ने वक्तब्य जारी करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत को लेकर उनके द्वारा पूर्व में जिलाधिकारी से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को अनेकों बार पत्र लिखा गया है पर अभी तक इस पर काम नही लग सका है जो जिला प्रशासन एवम नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने जिला प्रशासन से माँग किया है कि जल्द से जल्द इस जान लेवा मार्ग को ढक्कन दार नाली के साथ बनवाने का काम करे अन्यथा राहगीरों को इसके लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।



## सोनभद्र में एनसीएल मुख्यालय में सीबीआई का छापा, कार्रवाई की जद में आए दो अफसर व ठेकेदार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में एनसीएल मुख्यालय पर रविवार की सुबह सीबीआई टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने दस्तावेजों को खंगाला। कार्रवाई की जद में दो अफसर व ठेकेदार आए। एनसीएल मुख्यालय में रविवार को सीबीआई की टीम धमकी। जांच की जद में एनसीएल के दो बड़े अधिकारी व एक ठेकेदार आया है। सीबीआई की धमक से कोयला क्षेत्र में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि जबलपुर से आई सीबीआई टीम द्वारा एनसीएल के दो उच्च अधिकारियों समेत एक ठेकेदार को लक्ष्य कर सुबह कार्रवाई शुरू की गई। अधिकारियों के आवास व कार्यालयों में मौजूद सीबीआई टीम ने दस्तावेज खंगालने का काम किया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है टीम ने किस इनपुट पर कार्रवाई शुरू की है। एनसीएल मुखिया के सचिव व सुरक्षा विभाग में पदस्थ जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई है उनको लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। एनसीएल में सीबीआई की कार्रवाई कोई नई बात नहीं है, इसके पहले भी जबलपुर व लखनऊ टीम कई बार छापा मार चुकी है। लेकिन यह किसी को भी नहीं पता कि पहले की कार्रवाई में अंतिम परिणाम क्या आया। जिस ठेकेदार के यहां कार्रवाई हुई है, उसका नाता एनसीएल की खदानों में संचालित विदेशी व देशी मशीनों के स्पेयर पार्ट्स सप्लाई से है। भरोसे के सूत्रों के दावों को खारिज नहीं करें तो कार्रवाई एनसीएल सीएमडी कार्यालय से कुछ अहम जानकारियां लीक करने के मामले को संज्ञान लेते हुए सीबीआई की टीम पहुंची है।




## व्यापारी दंपती हत्याकांड में पुलिस को मिली सफलता, मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार; चौकी प्रभारी घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में रविवार को व्यापारी हत्याकांड के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। इसोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मरकरी गांव के पास मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दंपती को मौत के घाट उतारने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में मुख्य हत्यारोपी कुंदन पटेल के पैर में गोली लगी है। वहीं दरोगा कमल नयन दुबे के गले में भी छर्रा लगा है। दरोगा और आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि कुंदन के निशानदेही पर दो और हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लूट की रिवाल्वर भी बरामद हुआ है। कहा कि लूट के अन्य सामानों को बरामद करने के लिए दबिश दी जा रही है।10 अगस्त को रॉबर्ट्सगंज नगर के राज पैलेस के पास धारदार हथियार से बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी दिलीप पटेल और पतनी मंजू देवी की हत्या हुई थी। 17 अगस्त को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने परिजनों से मुलाकात की थी। उन्होंने 24 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। ब्याज के रुपये के लेनदेन के विवाद में व्यापारी दंपती की हत्या की गई थी।



## ऐलाई में बनेगा रामगढ़ साधन सहकारी समिति का गोदाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** चतरा ब्लॉक के रामगढ़ में संचालित साधन सहकारी समिति (बी-पैक्स) का गोदाम ऐलाई गांव में बनाया जाएगा। गोदाम बनने से क्षेत्र के किसानों को समिति से खाद उठान करने में सहूलियत होगी। करीब 20 लाख रुपये से गोदाम का निर्माण कराया जाना है। इसकी कवायद में सहकारिता विभाग जुटा है।सहकारिता विभाग से रामगढ़ में साधन सहकारी समिति का संचालित हो रहा है। जहां समिति का संचालन हो रहा है, वहां पर्याप्त जगह नहीं है। इस नाते खाद-बीज का उठान करने में किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर समिति का नया गोदाम बनाने की प्रक्रिया चल रही है।समिति से करीब डेढ़ किमी की दूरी पर ऐलाई गांव में नया गोदाम का निर्माण कराया जाएगा। गोदाम निर्माण पर 20 लाख रुपये की लागत आएगी। एआर कोऑपरेटिव देवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि रामगढ़ साधन सहकारी समिति पर कम जगह होने से ऐलाई गांव में नया गोदाम निर्माण कराया जा रहा है। करीब 20 लाख की लागत से गोदाम बनना है। इसके बनने से क्षेत्र के किसानों को खाद उठान करने में काफी सहूलियत होगी।

## सरकारी और निजी अस्पतालों में ठप रही ओपीडी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दरिंदगी को लेकर लोगों में उबाल है। शनिवार को आईएमए



के आह्वान पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी संगठनों ने सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया। मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहे तो निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने भी ओपीडी को ठप रखा। इस दौरान केवल इमरजेंसी के मरीजों का ही उपचार हुआ। शाम को नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। दरिंदों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, डेंटल एसोसिएशन, नीमा, एमआर एसोसिएशन, नर्स एसोसिएशन, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन का संयुक्त मार्च बढ़ौली चौराहे से शुरू हुआ। सीएमओ कार्यालय से सिविल लाइन होते हुए फिर से बढ़ौली चौराहा पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ। हाथों में पीडि.ता को इंसाफ और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की गई। संगठनों ने चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों को सुरक्षा देने की भी मांग उठाई। डॉ. वीणा सिंह ने कहा कि महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना असहनीय है। डॉ. मीनाक्षी सिंह ने कहा कि यह घटना विकृत मानसिकता को दर्शाता है। ऐसे लोगों को फांसी देनी चाहिए। प्रदर्शन में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. तेज प्रकाश सिंह, डॉ. सलिल प्रकाश, डॉ. संजय सिंह, डॉ. जेएन सिंह, डॉ. नम्रता सिंह, डॉ. अनुपमा मौर्य, आईडीए के अध्यक्ष डॉ. मनीष सिन्हा, डॉ. एस. रमन त्रिपाठी, डॉ. दिनेश, डॉ. अनुराधा, डॉ. अरविंद, डॉ. राकेश पांडेय, डॉ. नीरज मिश्र, डॉ. सौम्या, होम्योपैथ एसोसिएशन के डॉ. आशीष द्विवेदी, डॉ. अंजनी, एनएचएम के डॉ. अंजनी चौबे आदि शामिल रहे। सोनभद्र। मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शनिवार को ओपीडी में काम ठप रहा। पंजीकरण काउंटर पर ताला लगा रहा। मरीज भी नहीं आए थे। जो लोग आए भी, उन्हें इमरजेंसी में दवा देकर लौटा दिया गया। जिला अस्पताल में धरना दे रहीं डॉ. सुकृति और डॉ. स्मृति सागर ने कहा कि कोलकाता की पीडि.ता को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस घटना से सभी महिला चिकित्सक खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सरकारें महिला सुरक्षा के दावे तो कर रही हैं, लेकिन उनके व्यवहार में ऐसा नहीं दिख रहा। सरकार डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून लागू करे। प्रदर्शन में डॉ. ऋचा पांडेय, डॉ. उजाला, डॉ. अरुण यादव, सुनील श्रीवास्तव, वीभू मिश्र, अभय यादव, प्रशांत मिश्रा, प्रशांत चौहान आदि रहे।

## गलत पैमाइश करने तो कोई जमीन पर कब्जे को लेकर परेशान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने में भले ही आरजीआरएस पोर्टल पर जनपद सोनभद्र अव्वल है, मगर संपूर्ण समाधान दिवस और थाना समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों का



निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा है। दोनों दिवसों पर जनता से जुड़ी शिकायतों की भरमार है। कोई दो बार से तो कोई तीन बार से अधिकारियों के यहां फरियाद लगा रहा है। बावजूद इसके उनकी समस्या जस की तस बनी है। शनिवार को रॉबर्ट्सगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुछ ऐसी ही शिकायतें पहुंचीं।तहसील क्षेत्र के मड़रा गांव निवासी जगमोहन प्रजापति ने बताया कि जनवरी में उनके पड़ोसियों ने उनका कच्चा मकान गिरा दिया है। आरोप है कि पड़ोसी उनके कच्चे मकान वाली जमीन में दीवार बढ़ाकर तथा बारजा ढालकर कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने के बाद भी उनके जमीन पर दरवाजा खोल दिया गया है।इसकी शिकायत पूर्व में की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीडित ने दोबारा प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की और न्याय दिलाने की मांग की। उनके साथ भतीजे अजीत कुमार भी पहुंचें थे। इसी तरह नगवां ब्लॉक के कोहरवल के दिव्यांग रामबहाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गलत पैमाइश करने की शिकायत की। आरोप है कि क्षेत्रीय कानूनगो की तरफ से गांव में गलत जमीन की पैमाइश की गई है। दो गांव के बॉर्डर का निर्धारण किए बगैर ही पैमाइश की गई है। पीडित ने जनसुनवाई कर रहे एसडीएम सदर से नए सिरे से फिर से पैमाइश कराने की मांग की। मिर्जापुर के अहरौरा कुदारन निवासी बाबूलाल ने पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उसका ससुराल रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा गांव में है। ससुराल वालों पर पतनी की विदाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया और मामला सुलझाने की मांग की वहीं बीरबल गांव की ममता ने प्रार्थना पत्र देकर बिजली गिरने से झुलसी 17 वर्षीय पुत्री संगम के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की। बताया कि सात अगस्त की शाम बिजली की चपेट में आने से उसकी पुत्री गंभीर रूप से झुलस गई है। उसका उपचार लोढ़ी जिला अस्पताल में हो रहा है। दवा उपचार के लिए आर्थिक मदद की आवश्यकता है। दोपहर एक बजे तक सदर तहसील में 27 प्रार्थना पत्र पहुंचा था। सभी विभागों के अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में उपलब्ध रहे।

# स्पोर्ट्स



## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह के साथ खेलेंगे मयंक यादव जय शाह ने दिया जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव ने आईपीएल 2024 में 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने की अपनी क्षमता से विश्व क्रिकेट में काफी चर्चा बटोरी थी। इसके बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने बीसीसीआई से आग्रह किया कि आईपीएल के बाद इस गेंदबाज को भारतीय टीम में शामिल किया जाए। अब इस पर ँण्ण्घ् सचिव जय शाह ने जवाब दिया। दरअसल, पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने हाल ही में दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए चौथे तेज गेंदबाज को खोजने की भारत की चिंता के बीच इस विषय को फिर से हवा दी, लेकिन बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अटकलों को खारिज कर दिया। टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए जय शाह ने कहा कि मयंक आईपीएल में चोटिल हो गए थे, फिलहाल वह एनसीए में हैं। जय शाह ने कहा, मैं आपको मयंक यादव के बारे में कोई जवाब नहीं दे सकता, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वह टीम में होंगे या नहीं, लेकिन वह संभावित रूप से अच्छे तेज गेंदबाज हैं और हम उनका ध्यान रख रहे हैं। वह फिलहाल एनसीए में हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर अपने फैंस के एक सवाल पर वसीम जाफर ने कहा कि अगर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी फिट रहती है तो भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी सीरीज जीतने का शानदार मौका होगा। जाफर ने चौथे तेज गेंदबाज के रूप में अर्शदीप सिंह और मयंक यादव पर नजर रहेगी।



## सौरभ तिवारी के साथ हो गया खेला, मोबाइल खोलते ही उड़े होश; मामला जानकार पुलिस भी रह गई हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेटर सौरभ तिवारी धोखाधड़ी का शिकार हो गए हैं। सौरभ की फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। सौरभ तिवारी ने इसकी शिकायत बिष्टुपुर साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जानकारी होने पर पुलिस भी हैरान रह गई पुलिस को सौरभ तिवारी ने बताया कि उनके नाम और फोटो का प्रयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया, जिसमें 7 अगस्त को एक पोस्ट किया गया है कि मोबाइल नंबर 7290829790 में उत्तर प्रदेश टी 20 लीग और कर्नाटक प्रीमियर लीग 2024 में अगर कोई भी खिलाड़ी खेलना चाहे तो इस नंबर पर काल कर बात कर ले। सौरभ तिवारी ने पुलिस को आगे बताया कि इसके बाद दूसरा पोस्ट नेशनल क्रिकेट एकेडमी के नाम से डाला गया। इसमें पंजीयन के लिए 499 और 999 रुपये की मांग की जा रही है जो जालसाजी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए शिकायत दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी। बता दें कि सौरभ तिवारी ने 12 फरवरी 2024 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। 34 साल के झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने कहा था कि वो झारखंड के सीजन के आखिरी रणजी मैच के बाद घरेलू क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। गौरतलब हो कि विराट कोहली के नेतृत्व में 2008 में भारतीय अंडर-19 टीम ने वल्ड कप खिताब जीता था। सौरभ तिवारी उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक थे। सौरभ तिवारी पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं और उन्होंने युवा उम्र में माही जैसे लंबे बाल रखे थे।



## साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को पछाड़ पांचवें स्थान पर जमाया कब्जा भारत के सिर पर ताज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीतने के का फायदा साउथ अफ्रीका को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में हुआ है। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। ेंऊण् इ्दग्हू ौंत में पाकिस्तान को एक स्थान का नुकसान हुआ है। साउथ अफ्रीका अब पांचवें स्थान पर काबिज हो गया है। अफ्रीकी टीम ने दो मैच की सीरीज 1-0 से



पाकिस्तान को पछाड़ते हुए पांचवें स्थान पर कब्जा जमा लिया है। वहीं, भारत अभी भी टॉप पर बरकरार है साउथ अफ्रीका ने दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को 40 रन से मात दी। साउथ अफ्रीका ने 1-0 से सीरीज अपने कब्जे में की। इसका फायदा साउथ अफ्रीका को ेंऊण् इ्दग्हू ौंत में हुआ। साउथ अफ्रीका की जीत से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा वेस्टइंडीज के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने दो टेस्ट मैच की सीरीज 1-0 से जीत ली है। दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 40 रन से हराया। साउथ अफ्रीका की इस जीत से जीतने के बाद पाकिस्तान को पछाड़कर अब टॉप-5 में जगह बना ली है। शान मसूद की कप्तानी वाली पाकिस्तान टेस्ट टीम अब टॉप-5 से बाहर हो गई है। हालांकि, उसके पास आगे निकलने का अभी मौका है। पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। गौरतलब हो कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ेंऊण्) के चक्र 2023-25 का फाइनल मुकाबला अगले साल खेला जाना है। फाइनल में प्वाइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें आमने-सामने होती हैं। भारतीय टीम फिलहाल नंबर वन पर है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया मौजूद है। वहीं, तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड। चौथे पर श्रीलंका काबिज है।

## क्रिकेट इतिहास' में ऐसा पहली बार हुआ, सुपर ओवर की जगह सुपर-5 से निकला मैच का नतीजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** द हंड्रेड के इतिहास में क्रिकेट फैंस को एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। चौथे सीजन में पहला मुकाबला टाई देखने को मिला। इसके बाद सुपर ओवर की पड़ेगा, जिसे सुपर-5 के नाम से पहचाना जाता है।द हंड्रेड क्रिकेट इतिहास में फैंस शनिवार को एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। क्रिकेट फैंस को पहला सुपर-5 मैच देखने को मिला। दरअसल बर्मिंघम बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पहली गेंद पर एक रन आने के बाद जॉर्डन ने दूसरी गेंद पर चौका फिर तीसरी गेंद पर 2 रन और चौथी गेंद पर फिर से चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया। टीम को सिर्फ 4 गेंद के



जगह सुपर-5 में मैच का नतीजा निकाला। साउदर्न ब्रेव ने बर्मिंघम फोनिक्स को हराकर फाइनल में जगह बनाइ लंदन के ओवल मैदान पर बर्मिंघम फोनिक्स और साउदर्न ब्रेव के बीच खेला गया मैच टाई रहा। दोनों टीमों का स्कोर 100-100 गेंद के बाद 126 रन था, जिसके बाद मुकाबले का रिजल्ट हासिल करने के लिए दोनों टीमों के बीच सुपर-5 खेला गया। दोनों टीमों को 5-5 गेंद का मैच खेलना फोनिक्स और साउदर्न ब्रेव के बीच खेला गया मैच 100-100 गेंद के बाद टाई रहा। इसके बाद मैच का नतीजा निकालने के लिए पहला सुपर-5 खेला गया। इसमें साउदर्न ब्रेव ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई मैच टाई होने के बाद बर्मिंघम फोनिक्स की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला। ब्रेव ने 5 गेंद में 7 रन बनाए। इसके बाद साउदर्न ब्रेव की तरफ से कीरोन पोलार्ड और क्रिस जॉर्डन को अंदर ही इस सुपर-5 में जीत दिला दी।गौरतलब हो कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या फिर टी20 में जब कोई मैच टाई होता है तो सुपर ओवर खेला जाता है। इस सुपर ओवर में दोनों टीमों को 6-6 गेंद का सामना करना होता है। हालांकि, द हंड्रेड में ऐसा नहीं है। इस लीग में 100-100 गेंद का मैच होता है और मैच टाई के लिए सुपर-5 का नियम है। इस टूर्नामेंट में एक ओवर में 5 गेंद फेंकी जाती है।

## रबाडा और महाराज के दम पर साउथ अफ्रीका ने जीता दूसरा टेस्ट मैच 1-0 से सीरीज पर किया कब्जा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार, 17 अगस्त को गुयाना में दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज पर 40 रन से जीत दर्ज की। चौथी पारी में 263 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम 222 रनों पर ढेर हो गई। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने तीन-तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज के लिए गुडाकेश मोती ने 45 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को 0-1 से सीरीज हारने से नहीं बचा सके। साउथ अफ्रीका ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराकर सर विवियन रिचर्ड्स ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 263 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में वेस्टइंडीज 222 रन पर सिमट गया। साउथ अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने शानदार गेंदबाजी की साउथ अफ्रीका ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी 223/5 से आगे शुरू किया। पहले ही ओवर में मुल्डर आउट हो गए। इस विकेट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए मुश्किलें पैंदा कर दी। जेडन सील्स ने दूसरे दिन जहां से छोड़ा था, वहीं से खेलना जारी रखा और मेहमान टीम की बल्लेबाजी लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। तेज गेंदबाज ने अपने टेस्ट करियर में दूसरी बार पांच विकेट (6/61) लेने का कारनामा किया। जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी के आगे साउथ अफ्रीका तीसरे दिन मात्र 23 रन और बना सका और 246 रन पर सिमट गया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 263 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कगिसो रबाडा ने लुइस (4) को आउट करके शुरुआती झटका दिया। अपने साथी को खोने के बाद कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (25) ने क्रीज संभाली और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। हालांकि, वियान मुल्डर ने उन्हें ज्यादा देर तक टिकने नहीं दिया और ैं आउट करके वेस्टइंडीज का स्कोर 54/2 कर दिया। मेजबान टीम लगातार विकेट खोती रही और 104/6 के स्कोर पर कीसी कार्टी (17), कावेम हॉज (29), एलिक अथानाज (15) और जेसन होल्डर (0) पवेलियन लौट गए। टीम को साझेदारी की सख्त जरूरत थी। ऐसे में जोशुआ दा सिल्वा (27) और गुडाकेश मोटी (45) ने सातवें विकेट के लिए 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करके अपनी टीम को मैच में बनाए रखा। केशव महाराज ने दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई और दोनों बल्लेबाजों को आउट कर अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जोमेल वारिकन ने अंत में अपनी नाबाद 25 रनों की पारी के साथ कुछ हद तक लड़ाई की, लेकिन उनको किसी का साथ नहीं मिला। वेस्टइंडीज की टीम 222 रनों पर ढेर हो गई।




## विनेश फोगाट भारत आते ही 'भूल' गई दर्द, कहा- जो सम्मान मिला है उसके आगे हजारों ओलंपिक गोल्ड फीके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक-2024 के दर्द को झेलने के बाद भारत लौट आई हैं। विनेश का शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर जमकर स्वागत हुआ। इसके बाद उनका रोड शो निकाला गया है जो दिल्ली से हरियाणा में उनके घर तक गया। विनेश को जो मान-सम्मान और इज्जत मिली उसे देख वह भावुक हो गई और कुछ देर के लिए ओलंपिक मेडल न जीत पाने का दर्द भूल गईं। विनेश ने कहा कि जो सम्मान उन्हें भारत आने पर मिला है वो हजारों ओलंपिक गोल्ड मेडल से बढ़कर है। विनेश पेरिस ओलंपिक-2024 में महिलाओं के 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में पहुंची थीं। खिताबी मुकाबले में जगह बनाते हुए विनेश ने कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया था। ये पहली बार था जब किसी महिला पहलवान ने ओलंपिक फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, फाइनल से पहले हुए वजन में विनेश का वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला और वह डिसक्वालिफाई कर दी गई जिससे उनका मेडल जीतने का सपना टूट गया।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

का दिन अच्छा है। परिवार ोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## डीपिएल के पहले मैच में फुस्स हुए ऋषभ पंत, नहीं दिखा पाए तूफानी अंदाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अपनी तूफानी बैटिंग के लिए गेंदबाजों के दिल में खौफ बैठा चुके हैं। उनका मैदान पर बल्ला थामना मतलब चौके-छक्कों की बारिश। वह काफी तेजी से रन बनाते हैं, लेकिन शनिवार से शुरू हुई दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में पंत अपना चिर-पिरिचित तूफानी बल्लेबाजी नहीं दिखा सके ऋषभ पंत का नाम उस बल्लेबाज के तौर पर लिया जाता है जो चौके-छक्कों की बारिश करता है। जिसका विकेट पर टिकना रनों की बौछार की गांरटी होता है लेकिन दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में पंत पूरी तरह से फेल हो गए। उन्होंने जितनी गेंदें खेली उसके हिसाब से काफी कम रन बनाए। पंत डीपीएल में पुरानी दिल्ली के कप्तान हैं पंत डीपीएल में पुरानी दिल्ली-6 की नुमाइंदगी कर रहे हैं। लीग के पहले मैच में अरुण जेटली स्टेडियम में इस टीम का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से है। इस मैच में पंत ने रन तो ठीक-ठाक बनाए लेकिन उस अंदाज में नहीं जिसके लिए वह मशहूर हैं पुरानी दिल्ली की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की। पंत तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए और उन्होंने कुल 32 गेंदों का सामना किया। पंत का इतनी गेंदें खेलना वो भी टी20 में, इसका साफ मतलब है कि बाएं हाथ का ये बल्लेबाज आराम से अर्धशतक ठोक चुका होगा। पंत का छवि ही इस तरह के तूफानी बल्लेबाज की है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पंत ने बनाए सिर्फ 35 रन। इस पारी के दौरान उनके बल्ले से निकले चार चौके और एक छक्का इस मैच में पंत तो अपनी स्टाइल की बैटिंग नहीं कर सके, लेकिन टीम के सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा ने शानदार बल्लेबाजी की और अर्धशतक जमाया। उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और दो छक्के मारे और 59 रनों की पारी खेली। ललित यादव ने 21 गेंदों पर 34 रन बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के मारे। अंत में वनिश बेदी ने और तेज खेल दिखाया। इस बल्लेबाज ने 19 गेंदों पर चार चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए।



## सम्पादकीय

### पेरिस ओलंपिकः भारतीय खिलाडियों के लिए बाहर से मंगाने पड़े एसी; आखिर इतनी कंजूसी कहां से आई

मॉन्ट्रियल ओलंपिक में खेल से ज्यादा चर्चा दो बातों की है। एक, ओलंपिक की लागत 30 करोड़ डॉलर की जगह 1.5 अरब डॉलर हो गई है और दूसरा, मॉॅन्ट्रयल गजट में कार्टूनिस्ट एसलिन का कार्टून, जिसमें मेयर जॉन ड्राप्यू 'गर्भवान' दिखाए गए हैं। उन्होंने एम्सटर्डम में ओलंपिक की मेजबानी लेते हुए एलान किया था कि जैसे कोई पुरुष मां नहीं बन सकता, ठीक उसी तरह ओलंपिक खेलों से कभी घाटा नहीं हो सकता। जीत-हार, विवाद-सफलता की सुखिर्यों के बीच पेरिस ओलंपिक की एक और खासियत पर आपकी निगाह गई क्या? भव्यतम ओलंपिकों की परंपरा से परे यह अब तक का सबसे कंजूस आयोजन था। इतना कंजूस कि भारतीय खिलाड.ियों के लिए एयरकंडीशनर बाहर से मंगाने पड़े। अलबत्ता यह कंजूसी पेरिस में ओलंपिक कमेटी की सबसे बड़ी ब्रांडिंग थी।बार-बार कहा गया कि पेरिस ओलंपिक अब तक का सबसे किफायती और नए तौर-तरीके वाला आयोजन है, जिसकी अधिकांश लागत निजी स्रोतों से आ रही है। पेरिस ओलंपिक की लागत करीब 4.4 अरब डॉलर रही। ओलंपिक में पुराने अंतरराष्ट्रीय प्रायोजक जैसे-टोयोटा, कोक, एयर बीनएनबी और नाइकी के अलावा स्थानीय कंपनियां भी आईं, जैसे आर्सेलर मित्तल ने मशालों का स्टील बनाया, तो लुई वितों ने मेडल। ओलंपिक की एक-तिहाई लागत कॉरपोरेट ने उठाई, जबकि बची हुई लागत टिकटों, लाइसेंसिंग और ओलंपिक कमेटी ने अपने फंड से दी। दावा है कि पेरिस का करीब 96 फीसदी बजट निजी कंपनियों से आया। आधुनिक ओलंपिक फ्रेंच आभिजात्य और शिक्षाविद पियरे द कुबर्तिन की देन है। इसी पेरिस के सोरबोन में 1894 में इंटरनेशनल ओलंपिक काउंसिल बनी और 1896 में एथेंस में पहला आधुनिक ओलंपिक हुआ, जिसमें 14 देश आए थे। उनके देश और शहर में फिर मजमा लगा, तो ओलंपिक वाले इस खेल में उत्साह से ज्यादा, इसकी छवि को लेकर सतर्क रहे। ओलंपिक महंगा तमाशा है और आयोजकों का इतिहास बला का दागदार है। इन खेलों को भव्य के बजाय सस्ता रखने की मुहिम पेरिस से क्यों शुरू हुई? आइए, टाइम मशीन में बैठकर चलते हैं उस दौर में, जहां एक ओलंपिक के बाद कुबर्तिन का मिशन खतरे में पड़ गया। फिर ओलंपिक को बचाने के लिए आयोजन का पूरा चोला ही बदल दिया गया। और यह लीजिए, हम आ गए एम्सटर्डम। यह 1970 की मई है। ट्यूलिपों के देश की ऐतिहासिक राजधानी। 1976 के 21वें ओलंपियाड के मेजबान का फैसला होना है। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की बैठक में लंबी खींचतान चली है। अंततः मास्को और लॉस एंजिलिस को हरा कर कनाडा का मॉन्ट्रियल शहर 1976 के ओलंपिक की मेजबानी ले उड़ा है। मॉन्ट्रियल के मेयर जॉन ड्राप्यू ने मेजबानी लेते हुए एलान किया कि 'जैसे कोई पुरुष मां नहीं बन सकता, ठीक उसी तरह ओलंपिक खेलों से कभी घाटा नहीं हो सकता।' अब हम सीधे मॉन्ट्रियल जा रहे हैं, जहां लंबा प्रवास होगा। शहर में प्रवेश करते ही आपको लगने लगा होगा कि एम्सटर्डम में जो सुना था, उससे बिल्कुल विपरीत लग रहा है। मौसम नागवार है मॉन्ट्रियल का। राजनीतिक आबोहवा और भी ज्यादा जहरीली है। क्यूबेक के उग्रवादी संगठन एफएलक्यू ने ब्रिटिश काउंसलर?जेम्स क्रॉस और राज्य के डिप्टी प्रीमियर पियरे लोपार्टे का अपहरण कर लिया है। प्रधानमंत्री पियरे त्रूदो ने शहर में मार्शल लॉ लगा दिया है। बख्तरबंद गाड.ियां गश्त कर रही हैं। मौसम की मार और फौज की निगहबानी के बीच हम निकलते हैं, ओलंपिक की तैयारियां देखने। मेयर जॉन ड्राप्यू एम्सटर्डम में बोल आए हैं कि ओलंपिक का मतलब ही है मेजबान को आर्थिक लाभ। वह ओलंपिक की मेजबानी पर करीब 30 करोड़ डॉलर के खर्च का हिसाब लेकर एम्सटर्डम पहुंचे थे। इसमें से करीब 7.1 करोड़ कनाडाई?डॉलर नए ओलंपिक स्टेडियम पर खर्च हो रहे हैं। वह खुद इस स्टेडियम और खेल गांव का निर्माण देख रहे हैं। मॉन्ट्रियल के अखबारों में छह माह बीतते-बीतते देरी की खबरें तैरने लगी हैं। ऑटोमेटिक छत वाला भीमकाय स्टेडियम विवादों में फंस गया है। ताकतवर क्यूबेक लेबर यूनियन ओवरटाइम की मांग को लेकर हड़ताल पर चली गई है। हड़तालों, भ्रष्टाचार के आरोपों और असंख्य विवादों को देखते हुए हम अब 1975 में आ गए हैं। तैयारी बुरी तरह पिछड़ गई है। आयोजन खतरे में है। सरकार ने फ्रेंच आर्किटेक्ट टैलीबर्ट को हटा दिया है। एक साल बचा है और अंधाधुंध पैसा झोंककर किसी तरह काम कराया जा रहा है। 1974 से 1976 के बीच करीब 155 दिनों की हड़तालें हो चुकी हैं।

# भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए नीरज चोपड़ा ने बताया मास्टर प्लान, कहा- टैलेंट खोजना बहुत जरूरी

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के साथ ही देश के सबसे सफल एथलीट बन गए हैं। बड़े मंच पर देश का नाम रोशन करने की यह उनकी भूख ही है कि ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के बाद उन्होंने विश्राम के स्थान पर आगामी डायमंड लीग चरणों की तैयारी शुरू कर दी है। नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक-2024 में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसी के साथ वह दो ओलंपिक मेडल जीतने वाले भारत के चौथे खिलाड़ी बन गए। नीरज ने दैनिक जागरण से बात करते हुए बताया कि भारत के पास काफी टैलेंट है और खेल महाशक्ति बनने के लिए उस टैलेंट को बाहर लाना बेहद जरूरी है तभी चीन अमेरिका की बराबरी हो पाएगी। जेएसडब्ल्यू एथलीट नीरज से यह पूछने पर कि देश खेल महाशक्ति कैसे बन सकता है, उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रतिभाओं की बेहतर ढंग से खोज आवश्यक है। सुकांत सौरभ ने नीरज चोपड़ा से विशेष बातचीत की। सवालः नीरज पहले तो आपको बहुत-बहुत बधाई। क्या अभी भी आप जर्मनी में हो? हमने सुना था कि ओलंपिक के बाद आप वहां परामर्श लेने गए हो? नीरजः बहुत-बहुत धन्यवाद जी। नहीं, मैं डायमंड लीग से पहले प्रशिक्षण के लिए स्विट्जरलैंड आ गया हूं। मैं पिछली ओलंपिक की तरह सत्र की समाप्ति से पहले नहीं हटना चाहता था। सौभाग्य से पेरिस में प्रतियोगिता के दौरान मेरी चोट नहीं बढ़ी क्योंकि मैंने इसका अतिरिक्त ख्याल रखा। मैं फिलहाल विदेशी एथलीटों की तरह अपना सत्र जारी रखने के बारे में सोच रहा हूं। सत्र समाप्त होने में एक महीना शेष है। मैं इस बीच डाक्टरों से मिलने की कोशिश करूंगा। सवालः पेरिस ओलंपिक फाइनल में जब अरशद ने 92.97 के थ्रो के साथ रिकॉर्ड बनाया तब



आपके दिमाग में क्या चल रहा था? क्या आपको आशा थी कि आप उन्हें पछाड़ सकते हैं नीरजः देखिए, मैं सच बोलूं तो मुझे बिल्कुल भी ऐसा नहीं लगा था कि मैं उन्हें नहीं पछाड़ सकता। यहां तक कि उनके सर्वश्रेष्ठ थ्रो के बाद ही मैंने 89.45 मीटर का थ्रो फेंका था। मुझे लग रहा था कि भले ही आज तक मैंने 90 मीटर का मार्क क्रास नहीं किया, लेकिन शायद आज कर लूंगा। मुझे अपनी तकनीक में भी थोड़ा परिवर्तन करना होगा क्योंकि जब मैं भाले के साथ दौड़ता हूं तो क्रॉस स्टेप लेने पर कमर पर काफी दबाव पड़ता है, लेकिन अभी मैं अपनी तकनीक में बदलाव नहीं कर पा रहा हूं। इसके अलावा पेरिस में मेरी भाले की लाइन भी सही नहीं थी। पेरिस में आर्क स्पीड अच्छी थी, लेकिन लाइन सही नहीं हो पा रही थी, अगर यह सीधी होती तो मैं इससे दो तीन मीटर दूर निकल सकता था। मैंने एक बार भी नहीं सोचा था कि अरशद के थ्रो से बेहतर नहीं किया जा सकता। मेरा दिमाग तैयार था, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था। सवालः नीरज अब आगामी टूर्नामेंट में 90 मीटर के लक्ष्य को लेकर आपकी क्या रणनीति है नीरजः अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को 'ऊपरवाले' पर छोड़ना होगा। मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि भाला कहां जाता है। 90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। पेरिस में मुझे लगा था कि यह होगा और यह हो सकता था। अब मैं अगले दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना 100 प्रतिशत दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। इस दौरान मैं अपनी खामियों को सुधारने पर काम करूंगा। सवालः इस बार अगर आप भारतीय दल के प्रदर्शन की बात करें तो हम पिछली बार के बराबर भी नहीं पहुंच सके। आप भारतीय दल के प्रदर्शन से कितना संतुष्ट हैं नीरजः मैं अगर व्यक्तिगत रूप से बात करूं तो मुझे सभी का प्रदर्शन बहुत अच्छा लगा। विश्व के सर्वश्रेष्ठ एथलीट को वह कड़ा मुकाबला दे रहे थे। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर हमें ऐसे मंच पर प्रदर्शन करना है तो हमें मानसिक रूप से सुदृढ रहना होगा। जो हमारे जूनियर एथलीट हैं, जैसे लक्ष्य से मैं मिला, निशांत से मिला और भी जो एथलीट थे वे बिल्कुल भी घबराए हुए नहीं थे। उन्हें पता था कि हम यहां जीतने के लिए आए हैं। वो चीज मुझे बहुत अच्छी लगी। इससे मुझे लगा कि हमारा भविष्य अच्छे हाथों में है। हम भले ही पदक पिछली बार से कम जीते पर अगर विनेश का ऐसा नहीं होता तो हम पिछली बार के बराबर पहुंच जाते और इस बार हमारे छह एथलीट चौथे स्थान पर रहे। इसे खराब प्रदर्शन नहीं कह सकते। आने वाले समय में एथलीट और अच्छी तैयारी करेंगे और अभी जो कांस्य और रजत हैं वह स्वर्ण में बदलेंगे और जो चौथे स्थान थे वह पदक बनेंगे। सवालः नीरज आपके अनुसार देश को खेल महाशक्ति बनाने के लिए क्या करना होगा? हम 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना चाहते हैं, ऐसे में हमें किन खेलों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है नीरजः विदेशों में प्रतिभाओं की खोज करने वाले अधिक लोग हैं। उदाहरण के लिए, मैंने भाला फेंकना सीखा, मुझे नहीं पता कि कैसे, मुझे यह पसंद आया इसलिए मैंने इसे अपनाया। लेकिन अगर हमारे पास प्रतिभा पहचान करने वाले हों तो हम और अच्छा कर सकते हैं। इसके अलावा, हम केवल एक खेल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते। हमें सभी खेलों में अच्छा होने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि पदक तालिका में जो देश शीर्ष (चीन, अमेरिका, जापान) पर हैं, वे सभी विभिनन्न क्षेत्रों में शक्तिशाली देश हैं। आशा है कि हम अगले ओलपिक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की दिशा में काम करना होगा। क्रिकेट में हम पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, पर हमें और अधिक कोच की भी आवश्यकता है।

## इस इलाके में 18 अगस्त को मनाया जाता है स्वाधीनता दिवस

पशि्चम बंगाल के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां यह 18 अगस्त को मनाया जाता है। इस साल भी नदिया जिले के उन इलाको में स्वाधीनता दिवस मनाने की तैयारियां चल रही हैं। यूं तो पूरे देश में 15 अगस्त को ही स्वाधीनता दिवस मनाया जाता है, लेकिन पशि्चम बंगाल के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां यह 18 अगस्त को मनाया जाता है। इस साल भी नदिया जिले के उन इलाको में स्वाधीनता दिवस मनाने की तैयारियां चल रही हैं। ऐसा देश की आजादी के बाद से ही होता रहा है। नदिया जिले का शिवनिवास ऐसा ही एक गांव है। देश की आजादी के बाद रेडक्लिफ आयोग ने जब सीमा रेखा तय की तो नदिया और मुर्शिदाबाद जिले के कई हिस्से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में शामिल कर दिए गए थे। दूसरी तरह, जेसोर और खुलना भारत का हिस्सा बन गए थे।रेडियो पर इस खबर के प्रसारण के बाद नदिया जिले के उन हिस्सों में लोगों ने भारी विरोध शुरू कर दिया। वह लोग भारत में रहना चाहते थे। हालात तेजी से बेकाबू होते देख कर तत्कालीन वायसराय लार्ड माउंटबेटन ने आखिर दो दिनों के बाद नक्शे में बदलाव करते हुए रेडक्लिफ लाइन नए सिरे से खींचने का आदेश दिया। इस नए निर्देश में कहा गया था कि नदिया जिले के तीन मुस्लिम-बहुल सबडिवीजनों के अलावा मालदा, दिनाजपुर और जलपाईगुड़ी के कुछ हिस्से ही पूर्वी पाकिस्तान में शामिल किए जाएंगे। बाकी हिस्सा भारत में ही रहेगा। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आखिर 18 अगस्त को नदिया में राष्ट्रीय झंडा फहराया गया। नदिया जिले के शिवनिवास में 14 अगस्त, 1947 की रात से ही पाकिस्तानी झंडा फहरा रहा था। 18 अगस्त को उसे उतार कर उसकी जगह भारतीय झंडा फहराया गया था। शिवनिवास नदिया के तत्कालीन राजा की राजधानी थी। कहा जाता है कि हर घर में शिवलिंग होने की वजह से ही इसका नाम शिवनिवास पड़ा था। लेकिन उसके बाद कई साल तक इस घटना को लगभग भुला दिया गया था। आखिर कई साल की कोशिशों के बाद वर्ष 1991 में शिवनिवास के रहने वाले अंजन सुकुल ने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय से इलाके में 18 अगस्त को स्वाधीनता दिवस मनाने और तिरंगा फहराने की अनुमति हासिल कर ली। इलाके में वर्ष 1998 में स्वाधीनता दिवस समारोह के पारंपरिक आयोजन के लिए 18 अगस्त समिति का गठन किया गया था। उसके बाद समिति की देख-रेख में हर साल आयोजनों की भव्यता बढ़ती जा रही है। 18 अगस्त समिति के अंजन सुकुल बताते हैं कि हमें तो 18 अगस्त को ही आजादी मिली थी। इसलिए बीते तीन दशकों से भी लंबे समय से इलाके के लोग इसी दिन धूमधाम से स्वाधीनता दिवस का पालन करते आए हैं। सीमावर्ती इलाका होने के कारण शिवनिवास में 18 अगस्त को डाग सो समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा नजदीकी चुर्नी नदी में नौका दौड़ का आयोजन भी किया जाता है।



# भविष्य के लिए ग्लोबल साउथ को सशक्त बनाना

वैश्विक दक्षिण के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि वह बुनियादी बातों पर वापस जाए और विकास के उस विचार पर फिर से गौर करे जो वैश्विक नीति परिदृश्य से गायब हो गए हैं। तीसरे वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट (वोग्स) के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नए वैचारिक ढांचे के साथ दक्षिण के देशों के आपसी संबंधो की शर्तों को पुनः संतुलित करने का प्रयास किया है। जिसे उन्होंने ठडेवलपमेंट कॉम्पैक्टठ के रूप में वर्णित किया। इस अवधारणा के पीछे का विचार एक सामंजस्यपूर्ण तरीके से आपसी जुड़ाव के पांच अलग-अलग तौर-तरीकों का समान लाभ होना है। ये हैं क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी साझाकरण, विकास के लिए व्यापार, अनुदान और सबसे महत्वपूर्ण, रियायती वित्त। यदि अच्छी तरह से कार्यान्वित किया जाता है, तो भारत की विकास में साझेदारी के साथ व्यापक जुड़ाव के लिए एक नई आधार रेखा स्थापित करेगा। विकास के आपसी संबंधों की विडम्बना ऐसी है कि मदद के नाम पर सिर्फ कर्जा ही बढ़ा है। अंकटाड (2023) के आंकड़े कहते हैं 2023 में विकासशील देशों का सार्वजनिक ऋण 29 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2023 में विकासशील देशों के सार्वजनिक ऋण पर शुद्ध ब्याज भुगतान 847 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 54 विकासशील देश अपने राजस्व का 10 प्रतिशत से अधिक शुद्ध ब्याज भुगतान पर खर्च करते हैं। इस कर्जे का एक बड़ा कारण विकास के नए मार्गों की चिंता नहीं करना था। यहां, यह भी याद रखना आवश्यक है कि जीएनपी का 0.7 प्रतिशत प्रदान करने के वैश्विक स्तर पर सहमत संयुक्त राष्ट्र के 1970 के लक्ष्य को पूरा करने में भी ओईसीडी देशों की लगातार विफलता के कारण ऋण संकट और बढ़ गया है। ओडीए, जो कभी साकार नहीं हो सका। जलवायु परिवर्तन पर उनकी 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रतिबद्धता के साथ भी यही हुआ। चीन जैसे देशों ने कर्जे की मार को और बढाया ही है।वैश्विक दक्षिण के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि वह बुनियादी बातों पर वापस जाए और विकास के उस विचार पर फिर से गौर करे जो वैश्विक नीति परिदृश्य से गायब हो गए हैं। रीगनवाद और थैचरवाद के नेतृत्व में वित्त संचालित वैश्वीकरण और व्यापार डब्लूयूटीओ में पुनः व्यवस्थित करने के एक परिवर्तन ने विकासशील देशों के लिए नीतिगत स्थान को पूरी तरह से छीन लिया। इसने एक तरह से उन आशंकाओं को पुष्ट किया जो राउल प्रीबिश और अन्य लोगों के केंद्र-परिधि सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत किया था। वाशिंगटन विकास मॉडल के पतन के बाद से, वोग्स ने आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने के लिए अपने नए अवतार में विकास पर चर्चा करने की नई आशा दी है इस संबंध में, विकास के अनुभवों और नीति निर्माण पर अंतर्दृष्टि का



पारस्परिक आदान-प्रदान नए विकल्प विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस वर्ष के थीम ठसतत भविष्य के लिए वैश्विक दक्षिण को सशक्त बनानाठ के साथ, शिखर सम्मेलन ने वैकल्पिक विकास प्रतिमान विकसित करने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों, अंतर्दृष्टि और संभावनाओं को साझा करने पर ध्यान केंद्रित किया है। विचार यह है कि इस विकास कथा को दक्षिणी अनुभवों और दृष्टिकोणों पर आधारित किया जाए, दक्षिणी आशाओं और आकांक्षाओं को संबोधित किया जाए।भारत में हाल की विकास पहलों से पांच व्यापक संभावनाएं हैं जिन्हें वैश्विक दक्षिण में स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर प्रासंगिक स्वरूप दिया जा सकता है। पहला सतत विकास के दायरे में है, जिसमें पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली (थ्ई), पिछड़ रहे विकास के सतत लक्ष्यों को फिर से सक्रिय करने और छत पर सौर पैनलों और सौर फार्मों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। दूसरा क्षेत्र स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देने का है जहां भारत के लिए प्रेरणा शक्ति 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' की अवधारणा है। यहां आरोग्य मैत्रेय के लिए भारत के योगदान को सार्थक किया जा सकता है। भारत ने अफ्रीका और प्रशांत द्वीप देशों को अस्पताल और जन औषधि केंद्र बनाकर जो सहायता प्रदान की है, वह महत्वपूर्ण है। तीसरा, पापुआ न्यू गिनी, केन्या, गाजा और यूक्रेन जैसे मानवीय संकटों के दौरान भारत तुरंत सहायता के स्त्रोत के रूप में उभरा है। यह उस प्रयास को उजागर करता है जो भारत अन्य देशों को आपदा लचीलापन और त्वरित, प्रभावी और कुशल प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक संस्थागत तंत्र लाने के लिए तैयार करने के लिए कर रहा है। चौथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टिविटी हासिल करने से संबंधित है। डीपीआई को बढ़ावा देने के लिए भारत पहले ही 12 देशों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। पांचवां, शिक्षा, कौशल और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में अंतर्संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता है। भारत के विकास के अनुभव को साझा करने के लिए, संस्थागत ढांचे विभिनन्न संस्थाओं और लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वोग्स में, प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा ज्ञान संवर्धन, अनुभव साझा करने और कौशल और क्षमता निर्माण के लिए विकसित कार्यक्रमों के लिए दक्षिण नामक वैश्विक दक्षिण सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत को याद किया। ऐसे संस्थानों की भूमिका ज्ञान और अनुभवों के दोतरफा प्रवाह को बढ़ावा दे सकती है। ये संस्थान ज्ञान के सह-सृजन की पहल भी कर सकते हैं। 'विकास समझौते' के अलावा, कुछ अन्य घोषणाएं भी महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक दक्षिण की विकास यात्रा में नीति आंकलन और व्यापार में हिस्सेदारी कमजोर कड़ी रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, क्षमता निर्माण के लिए 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर और व्यापार नीति निर्माण में प्रशिक्षण के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक विशेष फंड की घोषणा की गई है। भारत ने 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रारंभिक योगदान के साथ एक सामाजिक प्रभाव कोष की स्थापना की भी घोषणा की। आरआईएस के एक अध्ययन के अनुसार, भारत वर्तमान में वैश्विक दक्षिण में विभिनन्न साझेदार देशों को सालाना लगभग 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है। प्रधानमंत्री मोदी का वैश्विक दक्षिण पर अपनी आम चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक साथ आने और वैश्विक समाधान के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण लाने पर जोर देना एक बड़ा कदम है। विकास के लिए संघर्ष कर रहे सभी राष्ट्रों को इसे गंभीरता से सुनना चाहिए। इनमें से कुछ मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में वोग्स महत्वपूर्ण पहल है। ये और भी महत्वपूर्ण है जब लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों के लिए अनिश्चितता और असुरक्षा कई गुना बढ़ गई है। आतंकवाद के माध्यम से अलगाववादी ताकतों और वर्गीय हिंसा को बढ़ावा देने वालों की भूमिका पर भी गौर करने की आवश्यकता है। बांग्लादेश में हाल की घटनाओं को देखते हुए बहुत महत्व रखता है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने भी इस सम्मेलन में हिस्सेदारी की।

# ADHUNIK TUTORIALS

## ("FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT")


**FOR CLASSES 1st-5th**

## (ADMISSION OPEN)

**FACILITIES**

- Air conditioned well Furbished classrooms
- Water cooler available
- Hygienic washrooms
- CCTV for safety purposes
- In campus parking

**OUR TEAM**



**Dr.(Er)Puneet Arora (DIRECTOR)**
**(B.Tech, M.Tech, MBA, Ph.D)**
**Awarded with 'Young Scientist & Best** Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethony Convent School , Bishop Johnson School & College, Girls school & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the field of Web Development and Machine Learning.

**Ms.Riya Arora (Counsellor)**

- **Ex. Student of Delhi Public School .**
- **Subject Topper of Delhi Public School**
- **Pursuing LLB from University of Allahabad.**

**Contact**
Call and Whatsapp: 8542919234

Address: B-Block ADA Colony, Mtek Campus (NITC) Naini Prayagraj.


## यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने न्यूरो मरीजों के लिए उठाए बड़े कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ओमेगा-1 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एनसीआर का एक लीडिंग अस्पताल है जहां स्ट्रोक के लिए पहला डेडिकेटेड क्लिनिक शुरू किया गया है. पहले से ही स्ट्रोक से पीडि़त मरीज यहां दिखा सकते हैं. इसके अलावा स्ट्रोक के बाद बेहतर इलाज, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रिहैबिलिटेशन और फिर से बीमारी होने से रोकथाम में इसका लाभ मिलेगा इसका उद्देश्य स्ट्रोक के मरीजों की जिंदगी में सुधार लाना और देखभाल करने वालों को ट्रेनिंग देना और सपोर्ट करना है इस लॉन्च इवेंट में यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ अमित सिंह, ग्रेटर नोएडा के ओमेगा-1 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर अमित श्रीवास्तव, न्यूरोसर्जरी व न्यूरोइंटरवेंशन के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर सुमित गोयल समेत हॉस्पिटल के न्यूरो विभाग के सभी डॉक्टर मौजूद रहे। भारत में स्ट्रोक के मामले काफी ज्यादा सामने आते हैं. यहां स्ट्रोक के मामले करीब 68.6ज्ञ् हैं, स्ट्रोक से होने वाली मौत करीब 70.9ज्ञ् और विकलांगता के साथ जीवन जीने वाले लोगों का प्रतिशत 77.7 है नुकसान होता है. यानी स्ट्रोक भारत में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है. भारत में हर



साल लगभग 185,000 स्ट्रोक होते हैं, जिसमें हर 40 सेकंड में एक स्ट्रोक और हर 4 मिनट में एक स्ट्रोक पेशेंट की मौत होती है. ये क्लिनिक हर बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुलेगा. ग्रेटर नोएडा के ओमेगा-1 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर अमित श्रीवास्तव ने कहा ''स्ट्रोक के मामले में टाइम बहुत अहम होता है क्योंकि इसमें हर गुजरती मिनट के कारण 20 मिलियन ब्रेन सेल्स का नुकसान होता है और परमानेंट डिसेबिलिटी का खतरा हो जाता है, यहां तक कि मौत भी हो सकती है. हमारी क्विक रिएक्शन 'स्ट्रोक टीम' यह सुनिश्चित करती है कि 'गोल्डन पीरियड' यानी 4.5 से 24 घंटे के अंदर आने वाले सभी स्ट्रोक मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए और उनकी जान बचाई जाए। वहीं, ग्रेटर नोएडा के ओमेगा-1 स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी व न्यूरो इंटरवेंशन के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर सुमित गोयल ने कहा, स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी होती है जिसमें तुरंत इलाज की जरूरत होती है. इस क्लिनिक के शुरू होने से स्ट्रोक के मरीजों को काफी लाभ पहुंचेगा. डेडिकेटेड न्यूरो आईसीयू, न्यूरो कैथ लैब और स्पेशलाइज्ड टीम के साथ हम मुश्किल से मुश्किल मामलों में आसानी से इलाज करने के लिए सक्षम हैं. स्ट्रोक के बाद रिकवरी में समय पर इलाज का सबसे अहम रोल होता है। मरीजों के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता के बारे में बात करते हुए यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के ग्रुप सीईओ अमित सिंह ने कहा, ''यथार्थ में इनोवेटिव तरीके से समय पर इलाज देकर मरीजों के लिए अच्छे रिजल्ट लाने का काम किया जाता है. ये स्ट्रोक क्लिनिक अस्पताल में वर्ल्ड क्लास इलाज मुहैया कराने और ग्रेटर नोएडा व आसपास के लोगों के स्ट्रोक के मामलों की केयर करने के हमारे प्रयासों का एक नमूना है.'' इसी मकसद के साथ अस्पताल ने सही रेट पर 'स्ट्रोक रोकथाम पैकेज' तैयार की है. इसमें ऐसे रिस्क फैक्टर को देखा जाता है जिनके कारण स्ट्रोक आता है. स्ट्रोक से जुड़े मामलों के लिए यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। मरीज और उनके परिजन स्ट्रोक से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता के लिए (8800797907) पर संपर्क कर सकते हैं। स्ट्रोक क्लिनिक से आगे बढ़ते हुए न्यूरो विभाग जल्द ही लो-बैक दर्द, मिर्गी, सिरदर्द और मूवमेंट डिसऑर्डर समेत अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के लिए भी स्पेशल क्लिनिक शुरू करने जा रहा है।

## भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश रैली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्षा




श्रीमती शारदा चतुर्वेदी की अध्यक्षता में महिला मोर्चा, नोएडा महानगर द्वारा कोलकाता में हुए महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या मामले को लेकर मुंह पर काला कपड़ा बांधकर और हाथों में मोमबत्तियां लेकर भाजपा महिला मोर्चा, नोएडा महानगर की महिलाओं ने आक्रोश रैली निकाली। इस रैली के द्वारा महिलाओं ने कोलकाता में हो रहे महिलाओं के ऊपर अत्याचार और रेप को लेकर अपने गुस्से को व्यक्त किया और जल्द से जल्द उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की साथ ही महिला डॉक्टरों को उचित सुरक्षा प्रदान की जाय इसके मांग के साथ जांच में हो रही देरी को लेकर ममता सरकार पर प्रशनचिन्ह लगाएं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तुरंत इस्तीफे की मांग की यह रैली सेक्टर 18 सब माल से होकर सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन तक हुई। इस रैली में महामंत्री शिवानी शरद, राजश्री गुप्ता, के साथ नीता वाजपेई,दीपावली दीक्षित,शारदा सिंघल,रेखा सिंह, ममता तिवारी, सरिता सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष ममता सिंह, ज्योति सक्सेना, उषा किशोर के साथ मंडल की सभी बहनों ने आक्रोश रैली में अपना-अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए रैली में उपस्थित रही।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## दिव्या सेठ को आई बेटी की याद, एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा- 'मैं बहादुर बनने का वादा करती हूं'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या सेठ शाह को दिल धड़कने दो, जब वी मेट जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। कुछ वक्त पहले एक्ट्रेस ने अपनी बेटी को हमेशा के लिए खो दिया। महज 24 साल की उम्र में मिहिका का निधन का हो गया। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बेटी की याद में फोटोज साझा करती रहती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। दिव्या ने इंस्टाग्राम पर अपनी लाडली की याद में एक पोस्ट साझा की है।दिव्या सेठ के ऊपर दुखों को पहाड़ टूटा था। अभिनेत्री ने अपनी महज 24 साल की बेटी मिहिका शाह को हमेशा-हमेशा के लिए खो दिया। उनके देहांत की जानकारी खुद मिहिका की मां और एक्ट्रेस दिव्या सेठ ने सोशल मीडिया पर दी थी। अब एक बार फिर एक्ट्रेस ने पोस्ट साझा किया है। दिव्या सेठ ने बेटी के गम से नहीं ऊबर पा रही हैं। उनका दर्द हालिया पोस्ट में साफ नजर आ रहा है। शनिवार को एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर की है और लिखा- ठजब मैं तुम्हें देखती हूं, तो मुझे सबसे शुद्ध प्यार दिखाई देता है, जिसे मैंने कभी नहीं देखा है। हर घायल आत्मा आपके पास अपना रास्ता खोज लेती है। आपकी देखभाल में, वे ठीक हो जाते हैं और बढ़ते हैं, दिव्या, भगवान उपहार, ऊपर से मेरा आशीर्वाद, पृथ्वी पर 8.1 अरब लोगों में से किसका प्यार आंख से अधिक मजबूत है, मां, आप मेरे लिए आदर्श मां हैं, मेरी डिबी, मैं आपसे प्यार करता हूं। मिहिका। उन्होंने आगे लिखा, इस जीवनकाल में कोई भी या कोई भी मुझे उतना प्यार नहीं करेगा जितना आपने मिहिका किया। मुझे आशा है कि आप मुझे देख सकते हैं, मैं बहादुर होने का वादा करती हूं, मैं वह सब कुछ करूंगी जो हमने योजना बनाई है। समुद्र तट पर मिलते हैं. और जंगल में प्रिये। अब प्रकाश में,'' इसके बाद अनन्त इमोजी। इस पोस्ट पर फैंस और कई सेलेब्स ने कमेंट् किए हैं। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान, अनुष्का रंजन और अहाना कुमरा ने लाल दिल वाले इमोजी बनाया है, जबकि रोनित बोस रॉय ने लिखा, ठभगवान भला करेठ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मिहिका को पहले बुखार आया और बाद में दौरा पड़ा था, जिससे उनकी दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो गई।



## लवकेश कटारिया की कलाई पर शिवानी कुमारी ने बांधी राखी, बदले में अपने 'भाई' से मिला खास तोहफा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भाई-बहन के प्यार और विश्वास से सजे पावन पर्व रक्षाबंधन को भारत में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस साल 19 अगस्त को देशभर में राखी का त्योहार मनाया जाएगा। इस खास पर्व को आम लोगों से लेकर के अपने दोस्त और भाई के समान ही एक कंटेस्टेंट की कलाई पर राखी बांधी। शिवानी कुमारी की 'बिग बॉस ओटीटी 3' में कुछ कंटेस्टेंट्स से अच्छी बॉन्डिंग हो गई थी। इनमें से एक थे लवकेश कटारिया , जिन्हें शिवानी ने इस रक्षाबंधन राखी बांधी है। हालांकि,



सेलिब्रिटीज तक अच्छे से मनाते हैं। कोई अपने सगे भाई को, तो कोई उसकी कलाई पर राखी बांधता है, जो उसका सगा नहीं, लेकिन सगे से कम भी नहीं। टेलीविजन और बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे भाई-बहन हैं, जो न तो एक ही मां की संतान हैं, न ही रिश्तेदारी में किसी तरह से भाई-बहन लगते हों, लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार जरूर साथ मनाते हैं। इसी कड़ी में 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शिवानी कुमारी का नाम सामने आया है, जिन्होंने इसी शो रक्षाबंधन त्योहार में अभी एक दिन का समय बाकी है। मगर शिवानी ने लवकेश के साथ इस फेस्टिवल का मजा एक दिन पहले ले लिया। उन्होंने इसका वीडियो शेयर किया है। शिवानी ने लवकेश को राखी बांधी, तो लवकेश ने भी भाई का फर्ज अदा करते हुए अपनी बहना शिवानी को तोहफा दिया। उन्होंने वीडियो में एक बॉक्स की झलक दिखाई, जिसे देख ये अंदाजा लगाया गया है कि शिवानी को लवकेश ने अंगूठी या इय्यररिंग्स दी हैं।

## श्रद्धा कपूर ने सलमान खान की मूवी का ठुकराया था ऑफर,स्त्री 2' एक्ट्रेस का 16 की उम्र में बन सकता था करियर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** श्रद्धा कपूर फिलहाल अपनी फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता को एन्जॉय कर रही हैं। 15 अगस्त



को रिलीज हुई उनकी मूवी बॉक्स ऑफिस पर कहर ढहा रही है। पहले वीकेंड तक ही फिल्म 150 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। पिछले कुछ सालों में श्रद्धा कपूर की कम फिल्में रिलीज हुई है, लेकिन सभी फिल्मों ने अच्छा कलेक्शन किया है शक्ति कपूर की लाडली श्रद्धा ने तू झूठी मैं मक्कार, बागी और स्ट्रीट डांसर 3 जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। साल 2010 में उन्होंने फिल्म 'तीन पत्ती' से इंडस्ट्री में कदम रखा था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोनाक्षी सिन्हा और सई मांजरेकर की तरह ही सलमान खान श्रद्धा कपूर को भी बॉलीवुड में लॉन्च करना चाहते थे। श्रद्धा कपूर ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए गए एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि जब वह महज 16 साल की उम्र की थी, उस समय उनके पास सलमान खान ने मूवी ऑफर की थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती थीं, इस वजह से उन्होंने मूवी का ऑफर ठुकरा दिया। स्त्री 2 एक्ट्रेस ने कहा, ठमुझे लगता है कि 15-16 की उम्र इस प्रोफेशन में आने के लिए बहुत कम है और उस वक्त मैं अपनी स्कूलिंग पूरी करके कॉलेज करना चाहती थी। मुझे नहीं लगता कि उस समय पर मिले मूवी के ऑफर्स मेरी सफलता को किसी भी तरह से डिफाइन कर सकते हैं। हालांकि, इस ऑफर को ठुकरा कर सिर्फ पढ़ाई पर फोकस करना मुश्किल था, क्योंकि सलमान खान के साथ काम करने का अवसर मिलना बहुत बड़ी बात हैठ। आपको बता दें कि सलमान खान ने श्रद्धा कपूर को साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'लकी- नो टाइम फॉर लव' ऑफर की थी। बॉलीवुड के गलियारों में ऐसी अफवाहें उड़ती थीं कि सन्हा उल्लाल को सलमान ने इस मूवी में इसलिए कास्ट किया था, क्योंकि उनकी शक्ल ऐश्वर्या राय से मिलती-जुलती थी। हालांकि, ऐसा नहीं है, क्योंकि सन्हा से पहले फिल्म का ऑफर श्रद्धा के पास गया था और दबंग खान मूवी में किसी फ्रेश फेस को कास्ट करना चाहते थे।

## 35 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रही सलमान खान-भाग्यश्री की जोड़ी, 'मैंने प्यार किया' इसी महीने दोबारा होगी रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान और भाग्यश्री की ब्लॉकबस्टर मूवी 'मैंने






प्यार किया' को आज भी लोग देखना पसंद करते हैं। यह बतौर लीड एक्टर सलमान खान की पहली फिल्म थी। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी इस मूवी ने न सिर्फ 1989 में नोट छापे, बल्कि 80 के दशक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। प्रेम के रोल में सलमान खान और सुमन की भूमिका में भाग्यश्री की अदाकारी ने लोगों का मन मोह लिया। यह फिल्म सलमान खान के करियर को ऊंचाई तक ले जाने की पहली सीढ़ी साबित हुई। वहीं, इस साल फिल्म को रिलीज हुए 35 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर मेकर्स ने फैंस के लिए एक खास एलान किया है। राजश्री फिल्म्स की ओर से सोशल मीडिया पर जानकारी दी गई है कि 'मैंने प्यार किया' मूवी को थिएटर्स में दोबारा रिलीज किया जाएगा। सलमान खान और भाग्यश्री की दोस्ती और प्यार से सजी ये फिल्म 23 अगस्त को री-रिलीज होगी। हालांकि, इसमें एक ट्विस्ट है। मैंने प्यार किया' फिल्म को पीवीआर और सिनेपॉलिस में ही रिलीज किया जाएगा। भाग्यश्री ने फिल्म के दोबारा रिलीज होने पर खुशी जाहिर की है। वहीं, फैंस ने ख्वाहिश जताई है कि इस मूवी के बाद सूरज बड़जात्या की बाकी मूवीज को भी रिलीज किया जाए। फैंस ने डिमांड किया है कि सूरज बड़जात्या की निर्देशित 'हम आपके हैं कौन' और 'हम साथ हैं' को भी दोबारा रिलीज किया जाए। बता दें कि इन दोनों मूवीज में भी सलमान खान लीड एक्टर थे और इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड भी कमाल का रहा।

## ऋषभ को 'कांतारा' के लिए मिलेगा बेस्ट एक्टर अवॉर्ड, पत्नी ने एक्टर की उतारीं आरती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**हर साल की तरह इस साल भी 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा 16 अगस्त, 2024 को की गई थी, जिसमें कर्नाटक फिल्म कांतारा ने बेस्ट एंटरटेनिंग फिल्म और बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम किया इस साथ चांद पर। सिनेमा के प्रति उनके समर्पण और जुनून को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कड़ी मेहनत, देर रात और बलिदान वास्तव में सफल रहे हैं। बता दें, ऋषभ की फिल्म कांतारा साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसका प्रीक्वल कांतारा चैप्टर 1



उपलब्धि के बाद अभिनेता ऋषभ शेट्टी के फैंस और परिवार के बीच जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों से सोशल मीडिया पर अभिनेता को ढेर सारी बधाइयां मिल रही हैं। इस बीच एक्टर की पतनी ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह उनकी आरती उतारती नजर आ रही हैं अभिनेता ऋषभ शेट्टी की वाइफ प्रगति शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने देर रात इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ऋषभ की आरती उतारती नजर आ रही हैं। पति के नेशनल फिल्म अवॉर्ड की जीत के बाद प्रगति बेहद खुश है और उन्होंने इसे बेहद खास अंदाज में इसे सेलिब्रेट किया है और कैप्शन में लिखा- गर्व के जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इस फिल्म को पैन इंडिया में फैंस और क्रिटीक्स की खूब सराहना मिली थी। बता, दें इस फिल्म में उन्होंने न केवल इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया है बल्कि इसे डायरेक्ट भी किया है। बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीतने के बाद अभिनेता ऋषभ शेट्टी काफी खुश हैं और उन्होंने अपनी खुशी बीते दिनों सोशल मीडिया पर भी साझा की थी। एक्टर ने लिखा था 'मैं कंतारा के लिए इस राष्ट्रीय पुरस्कार के सम्मान से वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं इस फिल्म का हिस्सा रहे सभी लोगों, कलाकारों, तकनीशियनों और स्पेशल रूप से होम्बले फिल्म्स की टीम का दिल से आभार व्यक्त करता हूं'।

## 'स्त्री' और 'खेल-खेल में' ने निकाला 'वेदा' का कचूमर, नहीं बरसी 'शनि' की कृपा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर एक साथ कई फिल्मों ने दस्तक दी। हिंदी और साउथ की टोटल छह फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। स्त्री 2 जहां अपने सीक्वल के साथ आई, वहीं अक्षय कुमार भी खेल-खेल में के साथ एक बेहद और 'खेल खेल में' ने वेदा की नाक में दम किया, तो वहीं साउथ में डबल आईस्मार्ट- तंगलान और मिस्टर बच्चन जैसी फिल्मों ने भी जॉन की फिल्म की हवा निकाल दी। तमिल और तेलुगु भाषा में तो वेदा का खाता पहले दिन ही बंद हो गया था। हालांकि, हिंदी भाषा में अब भी मूवी कछुए की रफ्तार से



इंटरेस्टिंग गेम लेकर दर्शकों के सामने हाजिर हुए। इन दोनों फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की 'वेदा' ने भी टक्कर ली। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी 'वेदा' की शुरुआत तो बॉक्स ऑफिस पर अच्छी हुई थी, लेकिन फर्स्ट वीकेंड से पहले ही फिल्म की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बॉक्स ऑफिस पर पाई-पाई कमाई के लिए भी मूवी तरस रही है। जॉन अब्राहम फिल्म 'वेदा' के साथ एक बार फिर से एक्शन अवतार में लौटे हैं। मूवी में उनकी जोड़ी पहली बार 'मुंज्या' एक्ट्रेस शरवरी वाघ के साथ बनी। इस फिल्म को हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषा में भी रिलीज किया गया। हिंदी भाषा में जहां 'स्त्री 2' आगे बढ़ रही है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार को रिलीज हुई वेदा ने छुट्टी के बावजूद तीसरे दिन हिंदी में महज 2.45 करोड़ का बिजनेस किया। 6.28 करोड़ से ओपनिंग करने वाली वेदा ने शुक्रवार को महज 1.8 करोड़ का बिजनेस किया था। शनिवार के बाद तीन दिन में जॉन अब्राहम की फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 10.55 करोड़ तक का बिजनेस कर पाई, जबकि वर्ल्डवाइड मूवी का टोटल कलेक्शन 15 करोड़ तक का हुआ है। अक्षय और जॉन के बीच ये बॉक्स ऑफिस पर तीसरी टक्कर है। दो बार तो खिलाड़ी कुमार बॉक्स ऑफिस पर किंग बने, लेकिन इस बार दोनों के बीच कमाई के मामले में नेक टू नेक कॉम्पीटिशन है।

## कंगना रनौतने बॉलीवुड पार्टियों को बताया ट्रॉमा, बी-टाउन के लोगों को बोलीं 'बेवकूफ'


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी को लेकर



लाइमलाइट में बनी हुई हैं, जो अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में उनके साथ अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। इस बात से तो लगभग सभी वाकिफ हैं कि एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज के लिए फेमस है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर बॉलीवुड स्टार्स को लेकर बात करते हुए नजर आती हैं। इसके साथ ही कई बार वह नेपोटिज्म और अन्य चीजों पर भी खुलकर बात करती हैं। अब एक बार फिर एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के बारे में बात की है। हालांकि, इस बार कंगना ने बॉलीवुड की पार्टियों को लेकर बोला है। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर बॉलीवुड के कई स्टार्स को लेकर भी तंज कसते हुए नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने एक पॉडकास्ट में बॉलीवुड पार्टियों को लेकर बात की है और बताया है कि उन्हें यह पार्टी ट्रॉमा लगती हैं। इसके साथ ही उन्होंने काफी कुछ कहा है। एक्ट्रेस ने हाल ही में राज शमनी से उनके पॉडकास्ट में बात की है। इस दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। जब उनसे पूछा गया कि वह बॉलीवुड और उनकी पार्टियों से दूर क्यों रहती हैं, तो उन्होंने इस पर खुलकर बात की। वहीं, एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री में उनका कोई दोस्त है, तो कंगना ने तुरंत जवाब दिया कि देखिए मैं बॉलीवुड जैसी इंसान नहीं हूं, ठीक है। मैं निश्चित रूप से बॉलीवुड के लोगों से दोस्ती नहीं कर सकती। इसके आगे उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के लोग बस अपने आप में मस्त रहते हैं। वे बेवकूफ हैं, वे मूर्ख हैं, वे प्रोटीन शेक और उस तरह की जिंदगी जीने में लगे रहते हैं। जब उनसे यह पूछा गया कि उनमें से सभी ऐसे नहीं हो सकते, तो क्वीन एक्ट्रेस ने कहा कि चलो यार, मैंने इतना बॉलीवुड देखा है कि मुझे पता है, तुम मुझे मत बताओ। एक्ट्रेस ने आगे बात करते हुए बताया कि अगर वह शूटिंग नहीं कर रहे हैं, तो उनकी लाइफस्टाइल है कि वह सुबह उठते हैं, कुछ फिजिकल ट्रेनिंग करते हैं, दोपहर में सोते हैं फिर उठते हैं, जिम जाते हैं, फिर रात में सोते हैं टीवी देखते हैं। वे टिड्डे की तरह है। आप ऐसे लोगों से कैसे दोस्ती कर सकते हैं। उन्हें नहीं पता कि कहां क्या हो रहा है, वे कोई बातचीत नहीं करते, वे मिलते हैं, पीते हैं। पार्टियों पर अपनी राय देते हुए कंगना ने कहा कि वे जो बातें कर रहे हैं, वह शर्मनाक है। यह ट्रॉमा है मेरे लिए बॉलीवुड पार्टी ट्रॉमा की तरह है।

## दिग्विजय-सिवेट की लड़ाई को कशिश कपूर ने बताया पब्लिसिटी स्टंट, बोलीं- जानती हूं कैसे होते हैं झगड़े

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब जसवंत बोपनन और आकृति



नेगी ने अपने नाम किया, लेकिन इस शो में जिसने सबसे ज्यादा लाइमलाइट लूटी वो कशिश कपूर थीं। कशिश कपूर पहले ही शो से बाहर आ गई थीं और उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई। वहीं, शो से बाहर आने के बाद उन्होंने कई इंटरव्यू में स्प्लिट्सविला 5 को लेकर बात भी की। कशिश ने इंटरव्यू में शो से जुड़े कई राज खोले। जब उनसे शो के दौरान 'जनता जूरी' इवेंट में हुई दिग्विजय सिंह राठी और सिवेट तोमर के झगडे के बारे में पूछा, तो कशिश ने उसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। उन्होंने कहा कि सिवेट और दिग्विजय का झगड़ा सिर्फ लोगों की नजरों के लिए था। स्प्लिट्सविला 15 की कंटेस्टेंट रह चुकी कशिश कपूर इन दिनों जमकर इंटरव्यू देते हुए नजर आ रही हैं। इस दौरान वह बिग बॉस 18 में जाने से लेकर अपने शो स्प्लिट्सविला 5 तक के बारे में बात करते हुए नजर आ रही हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि शो में हुई दिग्विजय सिंह राठी और सिवेट तोमर की लड़ाई पब्लिसिटी स्टंट थी। हाल ही में न्यूज18 से बात करते हुए कंटेंट क्रिएटर ने कहा कि मुझे लगता है यह एक स्टंट था और वो इसमें सफल भी हुए, क्योंकि हम इसके बारे में बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल अनावश्यक था। हां, इसमें से बहुत कुछ लोगों की नजरों के लिए था। अगर आपको कहीं से निकलना है, तो आप उठकर चले जाते हैं। आप इसके बारे में चिल्लाते नहीं हैं और किसी के रोकने का इंतजार नहीं करते हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि मैंने सड़क पर लड़ाई-झगड़े होते देखे हैं। मैं बिहार के पूर्णिया से हूं, मुझे पता है कि ये झगड़े कैसे होते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।